नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 224 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, गुरुवार 23 जून 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



निहारिका श्रीवास्तव को पत्रकार कल्याण महासंघ में मिली ... पेज -3 पर

बीज और खाद के संकट से जूझ रहे किसान, कालाबाजारियों पर .... पेज -8 पर



## एक नजर

### बिलासपुर में आत्मदाह करने दी धमकी



**बिलासपुर।** बिलासपुर में जमीन बेचने के नाम से एक किसान से 11 लाख रुपए लेने वाले व्यावसायी के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। दरअसल, किसान ने पहले इस मामले की शिकायत की थी। लेकिन, पुलिस ने आपसी लेनदेन का मामला बताकर कार्रवाई नहीं की। इससे परेशान होकर किसान 12 दिन पहले पेट्रोल लेकर आत्मदाह करने स्क्र ऑफिस पहुंच गया था। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने अब जाकर अपराध दर्ज किया है। मामला सिटी कोतवाली थाने का है। नारियल कोठी निवासी महेंद्र कश्यप (42 साल) पहले वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन में काम करता था। उस समय साल 2018 में उसकी पहचान तोरवा के देवरीखुर्द निवासी मेडिकल दवा व्यवसायी सुनील रामचंदानी से हुई थी। वह तेलीपारा स्थित मेडिकल कॉम्प्लेक्स में मेडिकल एजेंसी चलाता था। इस दौरान महेंद्र को जमीन चाहिए थी तो उसने सुनील से संपर्क किया।

# लेंसकार्ट की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर 14 लाख की ऑनलाइन ठगी

*अंबिकापुर। आई वियर एवं लैंस बनाने वाली नामी कंपनी लेंसकार्ट की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर 14 लाख की ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के 2 आरोपियों को छत्तीसगढ़ पुलिस ने बिहार के नालंदा से गिरफ्तार किया है।*

आरोपियों ने निजी कंपनी में काम करने वाले इंजीनियर को ठगा था। आरोपियों के कब्जे से ढाई लाख रुपये नकद, लैपटॉप, मोबाइल व अन्य सामान बरामद किया गया है। आरोपी 2 साल से ऑनलाइन ठगी को अंजाम दे रहे थे। उन्होंने कई लोगों को अपना शिकार बनाया है। मिली जानकारी के मुताबिक ओडिशा निवासी इंजीनियर शेखर घोष अंबिकापुर में रहते हैं और एक



निजी ठेका कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने चश्मा एवं ग्लास बनाने वाली कंपनी की एजेंसी लेने के

### गिरोह के 2 सदस्य बिहार से गिरफ्तार

लिए गूगल में सर्च किया। 24 अप्रैल को उनके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने स्वयं को विख्यात आई वियर कंपनी लेंसकार्ट का अधिकारी बताया और इंजीनियर को विश्वास में लेकर उनसे ऑनलाइन फार्म भरने सहित अन्य औपचारिकताएं पूरी करने को कहा।

इंजीनियर से ऑनलाइन फार्म भरवाने के साथ अन्य डिटेल भी मंगवाए। कंपनी का नियम बताकर उससे अलग-अलग बैंक खातों में कुल 13 लाख 81 हजार रुपये किस्तों में जमा करा लिए गए। पैसा जमा कराने के बाद प्रक्रिया प्रोसेस में होना बताकर फ्रेंचाइजी देने में आनकानी करने लगे। इंजीनियर शेखर घोष को शक हुआ। उसने कंपनी की वेबसाइट में दर्ज नंबर पर लेंसकार्ट के अधिकारियों से बात की तब पता चला कि कंपनी द्वारा ऐसी फ्रेंचाइजी नहीं दी जा रही है और न ही कंपनी ने किसी से पैसा जमा कराया है। ठगी का ऐहसास होने पर इंजीनयर शेखर घोष ने 26 मई को कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई।

अग्निपथ के विरोध में अभी गर्म होगी राजनीति

# 27 जून को प्रत्येक विधानसभा में प्रदर्शन करेगी कांग्रेस, दिल्ली में तय हुआ

रायपुर। सेना में भर्ती के लिए शुरू हुई अग्निपथ योजना के विरोध में राजनीति अभी और गर्म होगी। कांग्रेस ने इसके राजनीतिक विरोध की अगुवाई का फैसला किया है। दिल्ली में बुधवार को तय हुआ कि 27 जून को पार्टी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में प्रदर्शन करेगी।

दिल्ली में मौजूद प्रदेश के पंचायत, ग्रामीण विकास और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने बताया, पार्टी ने केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना का पूरी ताकत से विरोध का फैसला लिया है। इसके लिए 27 जून को प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे। बताया जा रहा है, इसके लिए विस्तृत दिशा निर्देश जल्दी ही जारी हो जाएंगे। कई और संगठनों ने भी 27 जून को प्रदर्शन की घोषणा कर रखी है। ऐसा प्रदर्शन देश भर में होने जा रहा है। इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात कर अग्निपथ को वापस लेने की मांग कर आए हैं।

### बुधवार को राहुल गांधी से मिले कांग्रेस नेता

छत्तीसगढ़ से दिल्ली पहुंचे मंत्रियों और कांग्रेस विधायकों ने बुधवार को राहुल गांधी से मुलाकात की। सभी लोग कांग्रेस



मुख्यालय में संगठन की ओर से आयोजित सत्याग्रह में भी शामिल हुए। यह सत्याग्रह अग्निपथ के विरोध में आयोजित किया गया था। राहुल गांधी ने इस सभा को संबोधित किया।

### मुख्यमंत्री बोले, नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही केंद्र सरकार

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस मुख्यालय की सभा में अग्निपथ योजना पर सवाल उठाते हुए कहा केंद्र सरकार नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। चार साल बाद सेवानिवृत्त युवाओं को भाजपा अपने कार्यालय में चपरासी के रूप में रखना चाहती है। इसके साथ ही बघेल ने भाजपा पर आरक्षण और नौकरी खत्म करने का आरोप लगाया।

### रात में रायपुर वापस लौटे मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार रात दिल्ली से रायपुर लौटे । वे रविवार को दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। सोमवार-मंगलवार को वे दिल्ली के प्रदर्शनों में शामिल रहे। सोमवार को उन्होंने जंतर-मंतर पर सभा को संबोधित किया। मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय से ED कार्यालय की ओर से जाते हुए पुलिस से उनकी झड़प हुई।**



# 80 लाख कैश के साथ 2 युवक गिरफ्तार

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के दौरान एक कार से 80 लाख रुपए बरामद किए हैं। आरोपी कार की पिछली सीट के नीचे एक चैंबर बनाकर रखे थे और इसी चैंबर में एक प्लास्टिक की बोरी में 80 लाख रुपए नगद छिपाए हुए थे। जिस कार से इतनी बड़ी रकम बरामद की गई है, उसका नंबर उत्तर प्रदेश का है। वहीं पुलिस ने गुजरात के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आशंका जताई है कि ये पैसे चोरी के हैं। फिलहाल इन आरोपियों से पूछताछ जारी है। मामला फरसगांव थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार को कोंडागांव जिले के फरसगांव में जवान चेक पोस्ट लगाकर आने-जाने वाली वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच कोंडागांव जिला मुख्यालय की तरफ से उत्तर प्रदेश पासिंग नंबर की एक कार आई। जिसे जवानों ने रुकवाया। कार की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पीछे की सीट के नीचे पुलिस को एक चैंबर दिखा, जिसे खोलने पर अंदर एक प्लास्टिक की बोरी रखी मिली। जवानों ने जब बोरी को निकाकर देखा तो उसमें 500 की कई गड्डियां मिली। पुलिस ने पैसे गिने तो कुल 80 लाख रुपए निकले।

# छुट्टियां मनाने गए लोग कोरोना साथ लेकर लौटे

**पॉजिटिविटी रेट 2.23 पर, महाराष्ट्र, दिल्ली और हिल स्टेशनों पर गए लोग मिले संक्रमित**

रायपुर। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की दर बढ़कर 2.23प्रतिशत हो गई है। पिछले चार महीनों में यह सर्वाधिक है। अभी तक के रुझान से पता चला है कि यह संक्रमण लोगों की यात्राओं में लापरवाही, असावधानी की वजह से फैला है।



गर्मी की छुट्टियों में बड़ी संख्या में लोग दिल्ली, महाराष्ट्र, केरल और उत्तर के हिल स्टेशनों पर गए। वहां से लौटे तो सर्दी-जुकाम के लक्षणों की अनदेखी की और असावधानी में यह वायरस फिर से फैल रहा है।

रायपुर की अंकिता अपनी कुछ मित्रों के साथ मुंबई में एक इंटरव्यू देने गई थीं। सभी का दो दिन में इंटरव्यू पूरा हो गया। लेकिन मित्रों की यह टोली एक सप्ताह वहां रुककर लौटी। इस दौरान उन लोगों ने मुंबई के प्रमुख बाजारों, पर्यटन केंद्रों का भ्रमण किया। वापस लौटे तो अंकिता की दो-तीन सहेलियों को जुकाम जैसा महसूस हुआ। उसमें से एक को तेज बुखार के बाद एक निजी अस्पताल जाना पड़ा। वहां जांच हुई तो पता चला कि वह कोरोना पॉजिटिव है। चारधाम और दिल्ली होकर लौटे कबीर नगर निवासी एक परिवार के साथ भी ऐसा ही वाकया हुआ है।

## मां की हत्या के मामलें में पुत्र गिरफ्तार

**बालोद** । पिछले दिनों गुरूर के बोहारडीह स्थित एक घर में महिला कुमारी बाई का सड़ा गला शव मिलने के मामलें में पुलिस ने मृतका के पुत्र को हत्या के आरोप मे गिरफ्तार किया है। हत्यारे पुत्र ने पारिवारिक विवाद के चलते अपनी मां की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी।

ज्ञात हो कि 14 जून को थाना गुरूर के ग्राम कोटवार के द्वारा सूचना दिया गया था कि मृतिका कुमारी बाई ढीमर का सड़ा गला शव उसके घर में मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना पर थाना गुरूर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर मामलें को जांच में लिया था। पंचनामा कार्यवाही के दौरान शव निरीक्षण पर मृतिका के शरीरो पे धारदार हथियारो से विभिन्न जगह चोट होना पाये जाने से मामला संदिग्ध पाया गया। और शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। मामला हत्या का प्रतीत होने पर ग्राम बोहारडीह क्षेत्र में टीम द्वारा कैम्प किया गया। गांव में मुखबीर लगाया गया।

'छत्तीसगढ़ हर्बल्स' के गुणवत्ता परीक्षण के लिए 5 प्रयोगशाला स्थापित

# छत्तीसगढ़ हर्बल्स के विक्रय को देश तथा देश के बाहर मिलेगा और बढ़ावा

रायपुर, बिलासपुर, अम्बिकापुर, कांकेर तथा जगदलपुर में प्रयोगशाला की स्थापना

**रायपुर।** 'छत्तीसगढ़ हर्बल्स' ब्राण्ड के तहत उत्पादित किए जाने वाले उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राज्य में 05 गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। वन वृत्त स्तर पर रायपुर, अम्बिकापुर, जगदलपुर, कांकेर तथा बिलासपुर में स्थापित इन प्रयोग शालाओं में परीक्षण उपरांत प्राथमिक तौर पर उत्पादों की गुणवत्ता संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। इससे छत्तीसगढ़ हर्बल्स के उत्पादों के विक्रय को देश तथा देश के बाहर और बढ़ावा मिलेगा। इन प्रयोगशालाओं के संचालन का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा किया जाएगा। लैब में



परीक्षण के लिए लैब एनालिस्ट की नियुक्ति की जा चुकी है। मुख्यालय स्तर पर भी इसके लिए विशेषज्ञ की नियुक्ति की गई है। प्रयोगशाला में निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप 65 लघु वनोपज एवं 59 औषधीय, 46 खाद्य, 07 कॉस्मेटिक तथा अन्य 22 उत्पादों का परीक्षण किया जाएगा। इनमें संबंधित वृत्त के अंतर्गत आने वाले सभी जिला यूनियन तथा वन-धन विकास केन्द्रों के उत्पादों का परीक्षण होगा।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा हाल ही में वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में इसका शुभारंभ किया गया। गौरतलब है कि राज्य में लघु वनोपजों के प्रसंस्करण में 8 हजार 11 स्व-सहायता समूह के सदस्य कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2021-22 में 6 करोड़ 38 लाख रूपए के उत्पादों का विक्रय किया गया था। इनके द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को देश तथा देश के बाहर विक्रय करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इन उत्पादों के विपणन के लिए यह आवश्यक है कि समय-समय पर इनकी गुणवत्ता तथा घटकों का परीक्षण मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में किया जाए। छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज, हर्बल उत्पाद एवं हर्बल औषधि के परीक्षण के लिए पर्याप्त प्रयोगशाला नहीं है, इसे ध्यान में रखते हुए इन प्रयोगशालाओं की स्थापना की गई है।

**जन्मदिन** — **राष्ट्रीय नेताओं ने राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय के जन्मदिवस पर बधाईयां दी**

# गरीब बच्चों के साथ केक काट सरोज पाण्डेय ने मनाया जन्मदिन

दुर्ग। आज भाजपा नेत्री राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज का जन्म दिवस उनके कार्यालय जल परिसर में कार्यकर्ताओं वह पदाधिकारियों द्वारा बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया ।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

सर्वप्रथम सुश्री पाण्डेय ने चण्डी शीतला मंदिर जा कर पूजा अर्चना की और वहां गरीब लोगों को आवश्यक वस्तुएं भेंट की गई उसके बाद ग्रीन चौक पर बस्ती के बच्चों के साथ उन्होंने केक काटा।

कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी इस अवसर पर जल परिसर में हजारों की भीड़ पर उनको बधाई व शुभकामनाएं देने के लिए बहुत संख्या में लोग उपस्थित हुए ढोल ,पंथी नृत्य के साथ अपनी नेत्री से मिलने कई लोग अन्य अन्य तरीकों, वेशभूषा में उपस्थित हुए साथ ही साथ प्रदेश के कई पदाधिकारी उपस्थित हुए राष्ट्रीय नेताओं का दूरभाष संदेश भी प्राप्त हुआ जिनमें से प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ,अमित शाह ,राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी प्रमुख थे राजनीतिक पदाधिकारियों के अलावा अधिवक्ता संघ के ,धार्मिक संस्थानों से ,सामाजिक संस्थानों से ,व्यापारिक जगत से स्थानीय स्तर ,प्रदेश स्तर व राष्ट्रीय स्तर के भी लोगों ने अपनी शिरकत दिए द्य बूथ लेवल से लेकर राष्ट्रीय नेता तक वहां मौजूद रहे और संदेश भिजवाए। प्रमुख रूप से पूर्व मुख्यमंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष रमन सिंह जी ,नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ,पवन सहाय ,प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय ने अपनी शुभकामनाएं सुश्री पांडे को प्रेषित की । कार्यक्रम में



शाम तक लोगों की आवाजाही लगी रही जलपरिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला । सभी ने आनंदित हो कर गीत संगीत में थिरकते हुए भी नज़र आए द्य एक नेता जब हज़ारों लाखों लोगों के दिलों में जगह बनाता है तो ऐसा ही मंजर दिखाई देता है।

# 16 साल की लड़की के दुष्कर्मी को 20 साल कैद

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में पॉक्सो कोर्ट ने 16 साल की लड़की के दुष्कर्मी युवक को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 3 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। लड़की को शादी का झांसा देकर युवक महाराष्ट्र के पुणे भगा ले गया था। पुलिस जब तक आरोपी तक पहुंची, लड़की गर्भवती हो चुकी थी। मेडिकल में इस बात की पुष्टि भी हुई। केस की सुनवाई विशेष न्यायाधीश मधु तिवारी की कोर्ट में हुई है।





### शादी का झांसा देकर पुणे भगा ले गया था युवक; प्रेग्नेंट हो गई थी लड़की

दरअसल, मार्च 2021 में बेमेतरा निवासी 16 साल की लड़की अचानक लापता हो गई। इस पर उसके पिता ने नांदघाट थाने में FIR दर्ज कराई। इसमें बलौदाबाजार के भाटापारा निवासी विकास निषाद (21) के ऊपर संदेह जताया। पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि विकास पुणे के एक गांव भाग गया है। उसके साथ लड़की भी है। इस पर पुलिस ने दबिश देकर विकास को वहां से पकड़ा और लड़की को बरामद कर लिया। पूछताछ में पता चला कि लड़की को शादी का झांसा देकर विकास भगा ले गया था। पुलिस ने लड़की का मेडिकल कराया तो उसमें उसके प्रेग्नेंट होने की भी बात सामने आई। पुलिस ने इस मामले को पॉक्सो एक्ट में दर्ज किया। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अलग-अलग धाराओं में 20 साल कैद व 2000 जुर्माना, 4 साल कैद व 500 रुपए जुर्माना और 10 साल कैद व 500 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

# विदेशों में क्यों धन जमा करते हैं भारतीय, इसकी वजह और शेल कंपनियों का सच

हाल में खबर आई है कि स्विस बैंकों में भारतीयों के जमा धन में भारी इजाफा हुआ है। वर्ष 2021 में भारत के लोगों और संस्थाओं की स्विस बैंकों में कुल जमा राशि 30,500 करोड़ रुपये थी। यह 14 साल के उच्च स्तर पर है। स्विस बैंकों ने यह जो जानकारी दी है, वह वैध धन है, काला धन नहीं। विदेशों में या स्विस बैंक में भारतीयों का कितना काला धन जमा है, इसका पता लगाना टेढ़ी खीर है।

अपने देश से जिस माध्यम से काला धन विदेशों में जाता है, उसे हम लेयरिंग कहते हैं। लेयरिंग में लोग देश से काला धन हवाला, आयात या निर्यात में अंडर इनवॉयसिंग तथा ओवर इनवॉयसिंग के जरिये किसी टैक्स हेवन देश में किसी शेल कंपनी में डाल देते हैं। फिर वहां उस शेल कंपनी को बंद करके किसी दूसरे टैक्स हेवन देश में नई शेल कंपनी बनाकर उसमें पैसा लगा देते हैं।

इस तरह से छह चरणों में पैसे निकालते, डालते हुए अंत में स्विट्जरलैंड भेजते हैं। ऐसे में छह स्तर होने पर छह शेल कंपनियां बनती और बंद होती हैं, जिसका पता लगाना बहुत मुश्किल होता है। सरकार अगर चाहे भी तो एकाध स्तर तक ही पता लगा पाती है, उससे आगे पता नहीं लग पाता है। लेयरिंग की इस प्रक्रिया में जहां से आखिरी बार स्विट्जरलैंड में पैसा जाता है, स्विट्जरलैंड सरकार उसे उस देश का पैसा मान लेती है।

जैसे कि जर्सी आइलैंड से पैसा स्विट्जरलैंड गया है, तो वह मान लेगी कि यह पैसा ब्रिटिश है, भारतीय नहीं है, क्योंकि जर्सी आइलैंड ब्रिटेन का है। इसलिए उसे भारतीय धन में नहीं गिना जाता है। स्विट्जरलैंड के बैंकों में जो पैसा है, वह सबसे ज्यादा (30 लाख 62 हजार करोड़ रुपये) ब्रिटिश पैसा है, क्योंकि ब्रिटेन के पास सबसे ज्यादा टैक्स हेवन हैं। इसलिए स्विट्जलैंड की सरकार कहती है कि हमारे यहां सबसे ज्यादा पैसा ब्रिटेन से आया है।

जबकि सबसे ज्यादा काला धन रूस, यूक्रेन, भारत आदि देशों में पैदा होता है। वास्तव में जो वैध धन होता है, स्विस बैंक उसकी ही गिनती बताते हैं। सरकार अगर चाहे भी, तो वह पैसा वापस नहीं ला सकती, क्योंकि आयातकों और निर्यातकों पर सरकार का उतना दबाव नहीं होता कि वैध धन को विदेशों से देश में लाया जाए।


स्विस बैंक

देश में जितना काला धन पैदा होता है, उसका दस प्रतिशत बाहर जाता है, बाकी 90 प्रतिशत काला धन देश में ही रहता है। इसलिए अगर हमें काले धन पर अंकुश लगाना है, तो देश में ही उस पर लगाम लगानी चाहिए। अगर बाहर भेजे गए काले धन को पकड़ना चाहेंगे, तो उसमें विफलता ही मिलेगी, क्योंकि सरकार को भी ठीक-ठीक पता नहीं कि कितना काला धन बाहर गया है और उसे कहां रखा गया है।

अगर यह काला धन नहीं है, तो फिर भारत के लोग स्विस बैंकों में पैसा क्यों जमा करते हैं? इसकी कई वजहें हैं। जब भी अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता की स्थिति पैदा होती है, तो लोग अपने धन को डायवर्सिफाइ (अलग-अलग जगहों पर जमा करना) करते हैं, इससे उनका जोखिम कम हो जाता है। जैसे कि मान लीजिए कि इस बात का खतरा है कि रुपया गिरेगा, तो वे अपना धन फॉरेन एक्सचेंज के माध्यम से स्विस बैंकों में जमा कर देंगे। जो निर्यातक हैं, वे अपना पैसा देर से लाएंगे, जब अर्थव्यवस्था में स्थिरता आएगी और रुपये के गिरने का खतरा कम हो जाएगा।

और जो आयात करने वाले हैं, वे अपना पैसा इसलिए विदेशी बैंकों में जमा रखते हैं, क्योंकि उन्हें आयात बिल भरना होता है। अन्यथा रुपये का मूल्य गिरने पर उन्हें भारी घाटा होगा। इस तरह से आयातक और निर्यातक यह अनुमान लगाकर कि रुपया कमजोर होने पर हमें घाटा हो सकता है, अपना वैध पैसा विदेशी बैंकों में जमा करते हैं। इसके अलावा रिजर्व बैंक की लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम (एलआरएस) है, जिसके तहत कोई भी हर साल ढाई लाख डॉलर देश के बाहर ले जा सकता है।

उसके चलते भी बहुत से लोग अपना वैध धन स्विस बैंकों में या कहीं और जमा करते हैं। स्विस बैंकों में भारतीयों की जमा राशि बढ़ने का संकेत यह है कि लोगों को लग रहा है कि अर्थव्यवस्था की स्थिति थोड़ी कमजोर हो रही है। इस बीच, एक और बात हुई है, हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल्स (एचएनडब्ल्यूआई) देश छोड़कर जा रहे हैं। एक रिपोर्ट आई थी कि वर्ष 2014 से 2017 के बीच में देश से 23,000 हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल्स देश छोड़कर विदेश चले गए। वर्ष 2018 में पांच हजार एचएनडब्ल्यूआई देश छोड़कर चले गए। सुनने में यह भी आ रहा है कि बीते एक साल में नौ हजार एचएनडब्ल्यूआई देश छोड़कर चले गए हैं। जाहिर है, जब वे बाहर रहेंगे, तो अपनी संपत्ति का एक हिस्सा बाहर ही रखेंगे। अभी देश का जो माहौल है, उसमें कई अति समृद्ध लोगों को यह भय है कि पता नहीं कब सरकार कौन-सा दबाव बनाए या सख्ती करे, इसलिए वे देश छोड़कर विदेशों में बसने जा रहे हैं। अपने सामाजिक माहौल और निवेश माहौल में जो अनिश्चितता का दौर चल रहा है, उसके कारण भी हो सकता है कि लोगों ने अपना और ज्यादा वैध धन स्विस बैंकों में जमा किया हो। दो तरीके से देश से विदेशों में पैसा जाता है। एक तो वैध तरीके से और दूसरा काले धन के रूप में।

अरुण कुमार

## संपादकीय

### वीडियो गेम्स की लत

वीडियो गेम खेलना धीरे-धीरे लत बन जाती है। उसके बाद संबंधित बच्चा खेल के बारे में नहीं सोचना चाहे, तब भी वह अपने-आप को रोकने में सक्षम नहीं होता। हिंसा से भरपूर वीडियो गेम्स खेलने वाले लोग निष्ठुर हो जाते हैं।

हाल की दो घटनाओं ने आम जन मानस को झकझोर रखा है। इन दोनों का संबंध मोबाइल गेम्स की बढ़ती लत से है। इनमें से एक घटना में 16 साल के एक लड़के पर अपनी ही मां की हत्या का आरोप लगा। बताया जाता है कि मां बेटे को मोबाइल गेम खेलने से मना करती थी। उधर दूसरी घटना में इसी वजह से बेटे ने खुदकुशी कर ली। इन घटनाओं ने मोबाइल्स गेम्स के कारण परिवारों में खड़ी समस्याओं को फिर से हमारे सामने ला दिया है। ऐसी मुश्किलों से दुनिया भर के मध्यवर्गीय परिवार जूझ रहे हैं। कुछ समय पहले ऑस्ट्रेलियाई नेशनल यूनिवर्सिटी में हुए शोध में इस बात के ठोस सबूत जुटाए गए थे कि वीडियो गेम खेलना धीरे-धीरे लत (एडिक्शन) बन जाती है। उसके बाद हाल यह हो जाता है कि संबंधित बच्चा खेल के बारे में नहीं भी सोचना चाहे तब भी वह अपने-आप को रोकने में सक्षम नहीं होता। कुछ दूसरे जानकारों का भी कहना है कि हिंसा से भरपूर वीडियो गेम्स खेलने वाले लोग निष्ठुर हो जाते हैं। उन्हें हिंसक चित्र देख कर कोई खास फर्क नहीं पड़ता। ऐसे लोग तनाव से मुक्ति पाने के लिए वीडियो गेम का सहारा लेते हैं और अपराध करने की जगह अपना गुस्सा ऑनलाइन या वीडियो गेम पर उतारने लगते हैं।

# आम आदमी की आजीविका से अर्थव्यवस्था तक डिजिटल माध्यम से पहुंच बनाने की कोशिश

*हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं, किसानों और उद्यमियों को कर्ज की सरल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 13 सरकारी योजनाओं से जुड़े क्रेडिट लिंक्ड पोर्टल जन समर्थ की शुरुआत की है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि यह पोर्टल आम आदमी के जीवन को आसान बनाने में अहम भूमिका निभाएगा, वहीं युवाओं के लिए मनचाही कंपनी व उद्यम खोलने और चला पाने के काम को आसान बनाएगा।*

उल्लेखनीय है कि कोविड-19 के बाद कल्याणकारी अर्थशास्त्री पूरी दुनिया में वैश्विक मंदी के चुनौतिपूर्ण दौर में गरीबी दूर करने और गरीबों के कल्याण के लिए वित्तीय समावेशन की प्रभावी आवश्यकता बता रहे हैं। इस परिप्रेक्ष्य में भारत में हाल के वर्षों में वित्तीय समावेशन की डगर पर तेजी से बढ़ाए जा रहे कदमों की सराहना दुनिया के विभिन्न आर्थिक और वित्तीय संगठनों ने की है।

यह कहा जा रहा है कि भारत में करोड़ों गरीब, पिछड़े एवं कम आय वाले लोगों को अर्थव्यवस्था के औपचारिक माध्यम में शामिल करके उन्हें डिजिटल माध्यम के जरिये पारदर्शी ढंग से वित्तीय और बैंकिंग सेवाओं की सरल उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने से आम आदमी तक सब्सिडी, वित्तीय सेवा, राशन, प्रशासनिक तथा स्वास्थ्य सेवाओं सहित कई बहुआयामी सुविधाएं बिना मध्यस्थों के पहुंच रही हैं।



आमजन और वित्तीय समावेशन

देश में डिजिटल बुनियादी ढांचा कमजोर है। डिजिटल लेन-देन की बुनियादी जरूरत-कंप्यूटर और इंटरनेट बड़ी संख्या में लोगों की पहुंच से दूर हैं। वित्तीय लेन-देन के लिए बड़ी संख्या में लोग डिजिटल भुगतान तकनीकों से अपरिचित हैं। छोटे गांवों में बिजली की पर्याप्त पहुंच नहीं है। साथ ही मोबाइल ब्रॉडबैंड स्पीड के मामले में भी देश अभी बहुत पीछे है।

दुनिया भर में यह भी रेखांकित हो रहा है कि भारत में आम आदमी और छोटे कारोबारियों को छोटी रकम के सरल कर्ज देकर उनके जीवन को आसान और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सूक्ष्म वित्त क्षेत्र का सकल ऋण पोर्टफोलियो (जीएलपी) तेजी से बढ़ रहा है। 16 जून को प्रकाशित माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क (एमएफआईएन) के नए आंकड़ों के मुताबिक, जीएलपी 31 मार्च, 2022 तक 10 प्रतिशत बढ़कर 2,85,441 करोड़ रुपये हो गया, जो 31 मार्च, 2021 तक 2,59,377 करोड़ रुपये था।

खास बात यह भी है कि सूक्ष्म वित्त उद्योग से बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इसके तहत मार्च, 2022 में ऋण खाते बढ़कर 11.31 करोड़ हो गए, जो मार्च, 2021 में 10.83 करोड़ थे। इसमें कोई दो मत नहीं है कि जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) ने देश में वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। देश में लागू की गई विभिन्न वित्तीय समावेशन योजनाओं से देश का आम आदमी कितना लाभान्वित हो रहा है, इसका आभास भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) इकोरैप के द्वारा प्रकाशित भारत में वित्तीय समावेशन शोध रिपोर्ट, 2021 से लगाया जा सकता है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अब वित्तीय समावेशन के मामले में जर्मनी, चीन और दक्षिण अफ्रीका से आगे है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जनधन योजना ने ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग की तस्वीर बदल दी है। जिन राज्यों में प्रधानमंत्री जनधन योजना खातों की संख्या ज्यादा है, वहां अपराध में गिरावट देखने को मिली है। यह भी देखा गया है कि अधिक बैंक खाते वाले राज्यों में शराब और तंबाकू उत्पादों जैसे नशीले पदार्थों की खपत में महत्वपूर्ण एवं सार्थक गिरावट आई है। निस्संदेह देश के गरीब एवं कमजोर वर्ग के अधिकांश लोग वित्तीय समावेशन का लाभ लेने के लिए आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। लेकिन वित्तीय समावेशन की डगर पर कई बाधा और चुनौतियां भी दिखाई दे रही हैं।

जयंतीलाल भंडारी

## मिला जुला

# अफगानिस्तान में भीषण भूकंप से 1000 लोगों की मौत

## 600 घायल, पाकिस्तान में भी बर्बादी

**काबुल/इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान में बुधवार अल सुबह आए भीषण भूकंप से भारी तबाही मची है। रिक्टर पैमाने पर 6.1 की तीव्रता वाले इस भूकंप से अफगानिस्तान में 1000 लोगों के मारे जाने की खबर है। वहीं 600 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित पाकटीका और खोस्त इलाके हुए हैं। यहां कई गांव खंडहर में बदल गए हैं। पाकिस्तान में भी अफगानिस्तान से सटे कई इलाकों में बर्बादी हुई है। अमेरिकी जिओलॉजिकल सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक इस भूकंप का केंद्र दक्षिणी पूर्वी अफगानिस्तान के खोस्त शहर से 44 किमी दूर था।



अफगानिस्तान की न्यूज एजेंसी बख्तार ने इस भारी तबाही की सूचना दी है। एजेंसी ने बताया कि बचावकर्मी हेलिकॉप्टर से इलाके में पहुंच गए हैं। तालिबान सरकार के उप प्रवक्ता बिलाल करीमी ने कहा, 'पाकटीका प्रांत में 4 जिलों में भीषण भूकंप आया है। इसमें सैकड़ों की तादाद में लोग मारे गए हैं और दर्जनों घर तबाह हो गए हैं। हम सभी सहायता देने वाली एजेंसियों से अनुरोध करते हैं कि वे अपने दल को इलाके में भेजें ताकि और ज्यादा विनाश से बचा जा सके।'

### पाकिस्तान में कई घर तबाह, मौतें

अफगान मीडिया के मुताबिक खोस्त में भारी तबाही की तस्?वीरें सामने आ रही हैं। पाकिस्तान में भी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक व्यक्ति के मारे जाने की खबर है। बताया जा रहा है कि भूकंप से घर की छत गिर गई जिससे इस व्यक्ति की मौत हो गई। पाकिस्तानी समयानुसार सुबह 1.54 मिनट पर यह भूकंप आया था। पाकिस्तान में पेशावर, इस्लामाबाद, लाहौर और पंजाब तथा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अन्य हिस्सों और भारत तक इस जोरदार भूकंप के झटके महसूस किए गए। अफगान इलाकों से आ रही तस्वीरों में दिख रहा है कि भूकंप की वजह कई इलाके बर्बाद हो गए हैं। यूरोपीय भूकंप केंद्र का अनुमान है कि इसके झटके करीब 500 किलोमीटर के इलाके में महसूस किए गए। भूकंप के झटके बाद लोग दहशत में आ गए और सड़कों पर निकल आए। इससे पहले पिछले शुक्रवार को पाकिस्तान के कई शहरों में रिक्टर पैमाने पर 5 की तीव्रता वाला भूकंप आया था।

# द्रौपदी मुर्मू के नाम पर विपक्ष में लगेगी सेंध

रांची। भारतीय जनता पार्टी ने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए का उम्मीदवार बनाकर बड़ा दांव चल दिया है, जिससे झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की दुविधा भी बढ़ गई हैं।



विपक्ष के साझा उम्मीदवार के रूप में यशवंत सिन्हा को उतारने के लिए जेएमएम ने भी हस्ताक्षर किया था, लेकिन एनडीए की ओर से आदिवासी उम्मीदवार को उतारे जाने के बाद शिबू सोरेन की अगुआई वाली पार्टी अपना स्टैंड बदल सकती है। यदि द्रौपदी मुर्मू चुनाव जीतती हैं तो वह देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति होंगी।

झारखंड में कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार चला रही जेएमएम के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि उनकी पार्टी मुर्मू का समर्थन कर सकती है।

### दोनों परिवार में मधुरसंबंध

**- जेएमएम के एक नेता ने कहा, 'दोनों परिवारों में घनिष्ठता है। ओडिशा के मयूरभंज जिले में सोरेन के कई पारिवारिक रिश्ते हैं, जहां से मुर्मू आती हैं। हमंत सोरेन की पत्नी सहित शिबू सोरेन की दो बहुएं इसी इलाके से हैं। हेमंत की बहन का विवाह भी उसी इलाके में हुआ है।**

### जेएमएम को छवि की चिंता

पार्टी के एक नेता ने कहा, 'जब समुदाय (आदिवासी) के लिए कुछ महत्वपूर्ण हो रहा है तो खुद को दूसरे पक्ष में देखना वैचारिक रूप से मुश्किल होगा। यद्यपि यशवंत सिन्हा भी झारखंड के नेता हैं, लेकिन मुर्मू को नजरअंदाज करना मुश्किल होगा, खासकर तब जब बीजेपी जैसे दल ने समर्थन देकर सिन्हा की जीत को और ज्यादा मुश्किल बना दिया है।

## द्रौपदी मुर्मू ने मांगा था बीजेडी से समर्थन

# नवीन पटनायक ने कहा- ओडिशा के लिए गर्व का क्षण है

नई दिल्ली। राष्ट्रपति चुनाव में बीजेपी की अगुवाई वाले एनडीए गठबंधन ने अपने उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है. झारखंड की राज्यपाल रह चुकीं द्रौपदी मुर्मू एनडीए की चेहरा होंगी। नाम के ऐलान के बाद द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले बीजेडी (बीजू जनता दल) से समर्थन की अपील की थी। अब इस पर बीजेडी चीफ नवीन पटनायक की प्रतिक्रिया आई है।

नवीन पटनायक ने कहा है कि द्रौपदी मुर्मू का हृ्छ के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में होना ओडिशा के लिए गर्व का क्षण है. जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरे साथ इस पर चर्चा की तो मुझे बहुत खुशी हुई. वो देश में महिला



सशक्तिकरण के लिए एक उदाहरण स्थापित करेंगी. नवीन पटनायक का ये बयान द्रौपदी मुर्मू की अपील पर फाइनल मुहर माना जा रहा है।

बता दें कि द्रौपदी मुर्मू भी ओडिशा की ही रहने वाली हैं. ओडिशा के आदिवासी जिले मयूरभंज के रायरंगपुर गांव में जन्मी द्रौपदी मुर्मू ओडिशा की पहली महिला और आदिवासी नेता हैं, जिन्हें राज्यपाल नियुक्त किया गया. वो 18 मई 2015 से 12 जुलाई 2021 तक झारखंड के राज्यपाल पद पर रहीं. द्रौपदी मुर्मू देश की पहली आदिवासी महिला राज्यपाल हैं.

2013 में वो बीजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में एसटी मोर्चे की सदस्य रहीं. 10 अप्रैल 2015 तक उन्होंने यह पद संभाला था. वह 2013 में ओडिशा के मयूरभंज की जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुईं थी. वह 2010 में भी जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुई थीं।

# देश में कोरोना के 12249 नए मामले, 81 हजार एक्टिव केस...

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस के केस तेजी से बढ़ने लगे हैं. पिछले 24 घंटे में कोरोना के 12249 केस सामने आए हैं. देश में एक्टिव केस बढ़कर 81 हजार से ज्यादा (81,687 केस) हो गए हैं. इतना ही नहीं पिछले 24 घंटे में कोरोना से 13 लोगों की मौत हुई है. इससे पहले 21 जून को देशभर में कोरोना के 9,923 केस सामने आए थे. इस दौरान 17 लोगों की मौत हुई थी. स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में अब तक कोरोना के 4,33,31,645 केस सामने आ चुके हैं। जबकि 5,24,903 लोग इस महामारी से अपनी जान गंवा चुके हैं. देश में पिछले 24 घंटे में एक्टिव केस में 2374 केस का इजाफा हुआ है। दिल्ली से सटे नोएडा में कोरोना संक्रमितो रोगियो में लगातार हो रहे इजाफा स्वास्थ्य विभाग के चिंता का कारण बना हुआ है. पिछले 6 दिनों में कोरोना के सक्रिय मरीजों की



संख्या में दो गुना बढ़ोतरी हुई है. यहां पिछले 24 घंटे कोरोना के 125 नए मरीज मिले हैं. एक्टिव केस भी बढ़कर 606 हो गए हैं. अभी 20 मरीजों का इलाज अस्पताल में चल रहा है. इससे पहले नोएडा में बीते 7 दिनों से जिले में हर रोज 100 से कम नए मरीज मिले थे. इससे पहले 20 जून को 99, 19 जून को 87, 18 जून को 90, और 17 जून को 95 नए मरीज मिले थे. वहीं 16 जून को मरीजों की संख्या 100 थी।

# मूसेवाला की हत्या के बाद बराड़ की प्लानिंग, खुलासा होने पर पुलिस भी हैरान

**पंजाबी** गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या करने के बाद लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गिरोह को पंजाब के दविंदर बंबिहा गिरोह के शूटर की हत्या करनी थी। इसके लिए गोल्डी बराड़ ने शूटरों को निर्देश दे दिए थे। दूसरी तरफ पुलिस की जांच में ये बात सामने आई है कि सिद्धू मूसेवाला की हत्या के लिए विदेशी हथियारों का इस्तेमाल किया गया है। इनमें ज्यादातर चीन के हथियार हैं। इसके अलावा सिद्धू मूसेवाला की हत्या करने के लिए 27 मई को भी उसका कई किलोमीटर तक पीछा गया था। तब भी संदीप उर्फ केकड़ा ने शूटरों के लिए पंजाबी गायक की



मुखबिरी की थी। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों से सूचना मिली है कि लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ व दविंदर सिंह बंबिहा गिरोह में जल्द ही गैंगवार होनी थी। लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गिरोह को बंबिहा गिरोह के शूटर चस्का की हत्या करनी थी। हत्या के लिए काफी निर्देश दे दिए गए थे।

# सीएम के सलाहकार ने की नरवा, गरवा, घुरुवा अउ बाड़ी योजना की समीक्षा

## गौठान का किया अवलोकन, समूह की महिलाओं से की बातचीत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने सिरपुर भ्रमण एवं झलप गौठान का अवलोकन किया। समूह महिलाओं से बातचीत की उनकी निर्मित सामग्री देखी और सराहना की।**






इससे पहले उन्होंने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में शासन की फ्लैगशिप योजना नरवा गरवा घुरुवा अउ बाड़ी के क्रियान्वयन की समीक्षा की। शर्मा ने गोबर खरीदी एवं वर्मी खाद निर्माण की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि गोबर खरीदी प्राथमिकता है। गोबर की खरीदी नियमित होती रहे। गोबर खरीदी की जिम्मेदारी तय हो। उन्होंने पशुपालकों के कम पंजीयन पर चिन्ता जाहिर की। पशु चिकित्सा अधिकारी को 15 दिवस के भीतर पशुपालकों का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा ग्राम गौठान समिति को प्रेरित करें और उन्हें प्रशिक्षण दें। सलाहकार प्रदीप शर्मा ने कहा कि गौठान से जुड़े काम और बेहतर ढंग से करें। महासमुंद एक समृद्ध क्षेत्र है लिहाजा इसका लाभ भी योजनाआं और उनसे जुड़े हितग्राहियों को हासिल हो। उन्होंने कहा कि जो महिलाएं गौठान से जुड़ी है। वह सब्जी-भाजी लगाएं। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित भी किया जाए। बारिश को देखते हुए गौठान में मवेशियों के स्वास्थ्य परीक्षण और उनका इलाज भी किया जाए। उन्होंने कहा कि गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित करने के लिए वहां और अधिक आर्थिक गतिविधियां संचालित करने की आवश्यकता है। इससे ग्रामीण स्वावलंबन की राह में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने अधिकारियों को गौठानों में विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के क्रियान्वयन में निरंतरता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। ग्रामीण जनजीवन में आर्थिक परिवर्तन की इस योजना की प्रशंसा ना सिर्फ छत्तीसगढ़ में बल्कि पूरे देश मे हो रही है।

उन्होंने बताया कि समय-समय पर गोधन और एनजीजीबी के क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों से फीडबैक लिया जाता है और योजनाओं को लागू करने में आ रही दिक्कतों की समीक्षा की जाती है। इसके अलावा भौगोलिक जटिलताओं के बीच इन योजनाओं को और कितना प्रभावी बनाया जा सकता है इस पर भी विचार किया जाता है। उन्होंने किसानों और ग्रामीणों से आगामी खरीफ फसलों को पशुओं की चराई से बचाने के लिए अगले माह आयोजित किए जा रहे रोका-छेका अभियान में सहयोग करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इससे खेतों की फसल भी बचेगी और गोधन न्याय योजना से होने वाला लाभ भी बढ़ेगा। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने उनका स्वागत किया और जिले की नरवा, गरवा, घुरुवा अउ बाड़ी की प्रगति से अवगत कराया। साथ ही आगामी योजना के बारे में बताया। सीईओ ज़िला पंचायत एस आलोक ने गौठान में स्व सहायता समूह द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की आर्थिक गतिविधियों की जानकारी दी।

बैठक में डीएफ ओ पंकज राजपूत, अपर कलेक्टरी ओपी कोसरिया, एसडीएम भागवत जायसवाल सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी एवं जिले के एसडीएम तथा जनपद सीईओ सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वर्चुअल जुड़े। शर्मा ने झलप में स्व सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत की और हालचाल जाना। समूह को नियमित रूप से भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की आर्थिक गतिविधियों और निर्मित सामग्री साबुन, कीटनाशक, दोना पत्तल, अगरबत्ती, मोमबत्ती निर्माण की सराहना की।

## एक नजर

### निहारिका श्रीवास्तव को पत्रकार कल्याण महासंघ में मिली अहम जिम्मेदारी

बनायी गई प्रदेश संयुक्त सचिव

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

राजधानी रायपुर निवासी सक्रिय पत्रकार घूमतीदुनिया एवं निहारिका संदेश पत्रिका की प्रधान संपादक निहारिका श्रीवास्तव को पत्रकार संगठन में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। यह जिम्मेदारी उनके सक्रियता को देखते हुए संगठन द्वारा उनको प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी सौंपी गयी है। बता दे कि नया पत्रकार संगठन पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ पूरे प्रदेश में अपना वर्चस्व बना रही है इसी कड़ी में संगठन के सरंक्षक आरबी वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान एवं प्रदेश महासचिव सुनील कुमार यादव के दिशा निर्देश में निहारिका श्रीवास्तव को प्रदेश संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं नव नियुक्त प्रदेश संयुक्त सचिव निहारिका श्रीवास्तव ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा किए उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसमे वह पूरी जिम्मेदारी के साथ अपना काम करेंगी। साथ ही समूचे पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में अपने संगठन के पदाधिकारियों के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सदस्यता अभियान चलाकर पत्रकार साथियों को एक जुट करने में अपना योगदान देंगी। उनके इस उपलब्धि पर प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान प्रदेश महासचिव सुनील कुमार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष इस्माइल खान प्रदेश उपाध्यक्ष शशांक दुबे प्रदेश उपाध्यक्ष गुलाब दीवान प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रवीण खरे,प्रदेश सचिव कुलेश्वर सिन्हा प्रदेश संगठन सचिव सुधीर सोनी प्रदेश सह सचिव राजकुमार कुंदरा प्रदेश कार्यकारी सदस्य उत्तर कौशिक प्रदेश कार्यकारी सदस्य अजीत सिंह सहित सभी पदाधिकारियों ने बढ़ाई एवं शुभकामनाएं दी है।



### बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध कारोबारियों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान के तहत आबकारी एक्ट के मामले में 174 पौवा देशी प्लेन शराब जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अतिण्पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, अति.पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन में प्रतिदिन पूरे जिले में थाना। चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत 21 जून 2022 को थाना नांदघाट पुलिस को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम तेन्दुआ का अनिल वर्मा अपने घर की परछी में अवैध शराब रखकर, अवैध रूप से धन अर्जित करने की नियत से शराब बिक्री कर रहा है कि सूचना पर थाना नांदघाट स्टाफ गवाहो के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर पकडा गया। जिसमें 01 प्रकरण में 01 आरोपी अनिल वर्मा पिता चतुर वर्मा उम्र 22 साल साकिन तेन्दुआ थाना नांदघाट जिला बेमेतरा के कब्जे से 174 पौवा देशी प्लेन शराब 31,32 कीमती 13,920 रूपये को 34 ;2, आबकारी एक्ट के तहत जप्त कर कार्यावाही किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना नांदघाट प्रभारी निरीक्षक संतोषी ग्रेस, सउनि शंकर लाल सोनवानी, सउनि अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले,आरक्षक विनोद पात्रे, इंद्रजीत पात्रे, रूपेन्द्र राजपूत, हीरालाल साहू, प्रताप यादव एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।



### शनिचरी में धारदार हथियार लेकर व्यापारियों को दी धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर** । शनिचरी बाजार में सोमवार की शाम एक युवक धारदार हथियार लेकर व्यापारियों को धमकी दे रहा था। उसके डर से व्यापारी अपनी दुकान छोड़कर भाग निकले। व्यापारियों की शिकायत पर पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश देकर एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से हथियार जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

कोतवाली पुलिस को सोमवार की शाम सूचना मिली कि एक युवक धारदार हथियार लेकर व्यापारियों को धमका रहा है। इससे डरकर व्यापारी अपनी दुकान छोड़कर भाग निकले। उन्होंने कोतवाली थाना पहुंचकर इसकी शिकायत की। शिकायत पर कोतवाली पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर करबला चौक रविदास मंदिर के पास रहने वाले अरमान खान को पकड़ लिया।

### सिरपुर में स्कूली बच्चों संग आला अधिकारियों ने भी किया योगा

**महासमुंद** । पुरातत्व नगरी एवं पर्यटन स्थल सिरपुर के सुरंग टीला परिसर में आठवाँ योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ। सैकड़ों स्कूली विद्यार्थियों संग जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के आला अधिकारी सहित कर्मचारियों ने योगा किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल ने हिस्सा लिया।

कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने योग के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि शरीर को चुस्त दुरूस्त और मन को शांत रखने के लिए अब दुनियाभर में काफी लोग योग का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा योग भारत की देन है। दुनियाभर में योग के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। आप सभी भी इसे नियमित तौर पर अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने कहा कि योग करने से शरीर निरोगी तो रहता ही है, शरीर में दिनभर ताजगी भी बनी रहती है। इसे आप दिनचर्या में शामिल करें और खुद को फीट रखें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल ने भी बच्चों को योगा के हितकारी लाभ बताए। उन्होंने करबो योग रहिबो निरोग की बात कही। कार्यक्रम सबेरे 7 बजे से 8 बजे तक हुआ। कार्यक्रम के अंत में शामिल बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। आज योगा को लेकर स्कूल बच्चों में खासा उत्साह था। सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# दिल्ली में बस्तर की बहार, लड़ेंगे जंग आर-पार

**जगदलपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के समर्थन में वैसे तो देश भर के कांग्रेस सांसदों, विधायकों और नेताओं का दिल्ली में जमावड़ा लगा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में मंत्री, विधायक, सत्ता से जुड़े पदाधिकारी तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की अगुवाई में संगठन के तमाम नेता दिल्ली में डटे हुए हैं और अपने राष्ट्रीय नेता के समर्थन में सत्याग्रह कर रहे हैं। इस सत्याग्रह में खास बात यह है कि बस्तर की पूरी कांग्रेस बिरादरी दिल्ली मोर्चे पर तैनात है। बस्तर सांसद दीपक बैज यूं भी संसद से लेकर सड़क तक दिल्ली में अपने आक्रामक तेवर दिखाते रहते हैं, वे इस मौके पर पहले दिन से ही अपने राष्ट्रीय नेता के समर्थन में अपने नेता भूपेश बघेल के साथ सक्रिय हैं। बस्तर के बारह विधायक दिल्ली में बस्तर का जोश दिखा रहे हैं। राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम और पीसीसी चीफमोहन मरकाम भी बस्तर के ही हैं। दिल्ली पहुँचे बस्तर के नेताओं ने कल बसन्त कुंज में गिरफ्तारी थी।आज एआईसीसी जाने के लिए योजना बनी।बस्तर संभाग के सभी विधायक व संगठन के नेता भी मौजूद हैं और अपने राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के पक्ष में लगातार केंद्र सरकार का विरोध कर रहे हैं।जब तक मामला खत्म नही किया जाता, तब तक दिल्ली में डेरा डालकर बस्तर के कांग्रेसी नेता आर पार की जंग लड़ेंगे।

# जोरातराई की ईश्वरी बाई का फर्जीवाड़ा जांच में प्रमाणित

## समिति के सदस्यों की फर्जी हस्ताक्षर से निकाली थी एक लाख रूपये

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।





महिला अल्प बचत साख सहकारी समिति मर्यादित जोरातराई विकास खण्ड बागबाहरा की अध्यक्ष ईश्वरी बाई सबर के खिलाफ गंभीर आर्थिक अनियमितता मनमानी और लापरवाही को लेकर सदस्यों की शिकायत के बाद भी कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाये महासमुंद द्वारा जांच करवाये जाने पर सभी 11 बिन्दुओं में आरोप प्रमाणित पाया गया है तथा समिति के संचालक मंडल को अध्यक्ष को पद से हटाये जाने छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 53 ख ;1, के प्रावधानों के अनुसार सुनवाई का अवसर देते हुये कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जोरातराई की अल्प बचत सहकारी समिति के अध्यक्ष ईश्वरी बाई सबर के विरूध्द हुई शिकायत पर विकास खण्ड महासमुंद के सहकारी विस्तार अधिकारी अनीस कुमार दीवान द्वारा की गई जांच में पाया गया किए अध्यक्ष सबर द्वारा प्रबंध कारिणी समिति की बैठक का आयोजन नियमानुसार नहीं किया जाता। संस्था की वार्षिक आम सभा का भी आयोजन नही किया गया। समिति के बैंक खाते जो छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक बागबाहरा से संचालित है। जिसमे अध्यक्ष द्वारा प्रबंध कारिणी के सदस्यों की सहमति व अनुमोदन के बिना ही सचिव का नाम लता बाई निर्मलकर की जगह पुत्री बाई यादव का नाम अवैधानिक रूप से दर्ज करवा दिया गया है। इसी प्रकार समिति के बैंक खाते में बिहान योजना के अंतर्गत गठित समूहों का भी लेन.देन किया जाता है। तथा उक्त समूह के नाम से एक लाख रूपये का ऋ ण लेकर अपनी सहकारी समिति के खाते में जमा कराकर राशि का उपयोग मनमानी पूर्वक किया जाना पाया गया है। समिति के लेखा अभिलेखों का संधारण नही किया जाता तथा संस्था के रोकड़ बही व अन्य पंजी/दस्तावेजों का तारिख वार संधारण नहीं किया जाता है। प्रबंध कारिणी समिति व सदस्यों द्वारा बुलाई गई बैठक में भी अध्यक्ष सबर उपस्थित नहीं होती है। समिति के क्रिया क्लापों पर भी संतोषप्रद जवाब न देकर समिति द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में नियम विरूध्द अपनी पुत्री जया सबर को विक्रेता के पद पर नियुक्त कर दी गई है। अहम बात यह है किए संस्था अध्यक्षसबर संस्था के सदस्यों से दुर्यव्यवहार भी करती है। यही नहीं समिति द्वारा संचालित उचित मूल्य की दुकान से उपभोक्ताओं को नियमानुसार और निर्धारित दर सामाग्री आपूर्ति न करते हुये। केन्द्र शासन द्वारा माह अप्रैल से सितम्बर तक प्रति व्यक्ति 5 किलो राशन आबंटित करने का आदेश जारी किया गया था और प्रत्येक पीडीएस दुकान में नोटिस को चस्पा कर प्रति राशन कार्ड धारको को निर्धारित राशन आंबटित किया गया है। जिस पर ग्राम पंचायत अंवराडबरी में संचालित अल्प बचत सहकारी समिति की अध्यक्ष ईश्वरी बाई सबर एवं उनकी सुपुत्री कुण्जया सबर जिनको उचित मूल्य दुकान की विक्रेता बनाकर नियुक्त किया गया है। जिनके द्वारा प्रति राशन कार्ड धारियों को मई माह में अप्रैल और मई का एक साथ राशन आंबटित किया जाना था। उसमे प्रत्येक राशन कार्ड धारियों को नियमानुसार राशन आंबटित नही किया गया है। इस मामले की पुष्टि हेतु जोहार छत्तीसगढ की टीम के औचक निरिक्षण पर पाया गया है किए राशन नियमानुसार विक्रेता व समिति के अध्यक्ष द्वारा शासन की आदेश को अंदेखा करते हुये अपनी मनमर्जी से राशन आंबटित किया गया है। साथ शासकीय खुदरा मूल्य के अनुसार शक्कर जहां 17 रूपये प्रति किलो में देना है उस पर 20 रूपये प्रति किलों की दर से बेचा गया है। साथ ही प्रति राशन कार्ड धारकों से अधिक राशि की वसूली की जाती है। इसे लेकर भी समिति की सदस्याओं और ग्रामीणों में काफ ी आक्रोश व्याप्त है। जांचकर्ता से प्रतिवेदन मिलने के बाद अल्प बचत सहकारी समिति जोरा तराई के संचालक मंडल को सहकारी संस्थाएं महासमुंद के उप पंजीयक द्वारा निर्देशित किया गया है किए छग सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 53 ख ;1, प्रावधानों के अनुसार दोषी समिति अध्यक्ष ईश्वरी बाई सबर को पद से हटाने की कार्यवाही की जाये। इसके पूर्व उन्हे 11 बिन्दुओं के आरोप पत्र की सूची उपलब्ध कराकर मंडल की बैठक में सुनवाई का अवसर दिया जाये।

# जिन क्षेत्रों में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है, वहां ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन करें प्रारंभ

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में कलेक्टर विनीत नंदनवार ने बैंक प्रबंधकों को दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर विनीत नंदनवार ने जिले में संचालित सभी बैंक द्वारा किए जा रहे लेन-देन बैंकों में प्रस्तुत ऋ ण प्रकरण एवं उनकी स्वीकृति तथा जिले में बैंकिंग सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा की जिले में बैंकिंग सुविधा के विस्तार के लिए जिन क्षेत्रों में इंटरनेट सुविधा सुचारू रूप से पहुंच चुकी है। वहां सभी बैंक अपनी ग्राहक सेवा केंद्र खोले। इससे ग्रामीण बैंकिंग सुविधाओं का लाभ आसानी से उठा पाएंगे। ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से अंदरूनी क्षेत्र के ग्रामीण जिनका बैंक खाता नहीं है। वे खाता खुलवा सकेंगे। जिससे उन्हें मनरेगा मजदूरी, पेंशन, तेंदुपत्ता पारिश्रमिक भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में मिलेंगे। ग्रामीण अधिक संख्या में शासन की योजनाओं से जुड़ेंगे और लाभ ले सकेंगे। इसके लिए उन्हें बैंक शाखा तक आने की परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सुकमा में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार के किए टीम भावना से कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने बैंको में प्रस्तुत ऋण प्रकरणों की स्वीकृति में आ रही समस्याओं के बारे ने जानकारी ली और कहा कि संबंधित विभाग और बैंक प्रतिनिधि के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही निराकरण करे। बैठक में जन धन खाता, मुद्रा लोन, एनआरएलएम समूहों को प्रदाय तपद आदि की समीक्षा हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डीएन कश्यप, लीड बैंक आफिसर सहित विभिन्न बैंक प्रबंधक एवं बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# लाखों की गड़बड़ी पर आईएएस सुधाकर खलखो के खिलाफ हाई कोर्ट का निर्देश, शासन और ईओडब्ल्यू पेश करे जवाब

## किसान मजदूर संघ के ललित चंद्रनाहू ने उच्च न्यायालय में दाखिल की थी याचिका

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

**छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड एवं माटीकला बोर्ड के प्रबंध संचालक सुधाकर खलखो के विरुद्ध शासन और ईओडब्ल्यू को जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।**





उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड एवं माटीकला बोर्ड के विरूद्ध वित्तीय अनियमितताओं का समाचार प्रकाशित होने पर ग्रामोद्योग विभाग द्वारा वित्तीय अनियमितताओं की जांच के लिए भुवनेश यादव आईएएस, विशेष सचिव ग्रामोद्योग विभाग की अध्यक्षता में 19 अगस्त 2021 को एक त्रि-सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया था। जांच दल द्वारा जांच के दौरान वित्तीय अनियमितताओं के अनेक गंभीर तथ्यों को छिपाते हुए 7 पृष्ठीय जांच प्रतिवेदन 55 प्रासंगिक सहपत्रों सहित प्रस्तुत किया गया। जांच प्रतिवेदन के अनुसार छत्तीसगढ़ विकास बोर्ड एवं माटीकला बोर्ड के प्रबंध संचालक सुधाकर खलखो आईएएस, को 20 लाख रुपए की फ ोटोग्राफ ी नियम विरूद्ध कराए जाने, फ ोटोग्राफी कराए जाने के बाद अपने कार्यालय में ही 11.75 लाख रुपए में स्टूडियो का निर्माण कराने में शासकीय नियमों का पालन नहीं कराए जाने, अनेक वाहनों की खरीदी बिना अनुमति और आबंटन प्राप्त किए अन्य मदों से करने तथा गुजरात की संस्था को पीपीपी पब्लिक, प्राइवेट पार्टनरशिप, मोड पर संचालन का निर्णय स्वत: लेकर बोर्ड को हानि पहुंचाए जाने का उल्लेख है। उक्त मोड से व्यवसाय किए जाने के कारण बोर्ड को वर्ष 2020 और 2021 में माह जुलाई तक मात्र 62,980 रुपए की आमदनी हुई। जबकि किराया आदि में 32ए72ए439 रुपए व्यय किया गया है। नियमानुसार पीपीपी मोड पर व्यवसाय करने का निर्णय संचालक मंडल द्वारा लिया जाना था।

जांच दल द्वारा जांच प्रतिवेदन ग्रामोद्योग विभाग में प्रस्तुत किए जाने के बाद ग्रामोद्योग विभाग द्वारा जांच प्रतिवेदन सामान्य प्रशासन विभाग को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा गयाए क्योंकि सुधाकर खलखो आईएएस कैडर के अधिकारी हैं और उनके विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग ही सक्षम प्राधिकारी हैं। परए जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद भी सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा खलखो के विरूद्ध कार्रवाई नहीं की गई। प्रबंध संचालक खलखो के विरूद्ध तैयार किए गए जांच प्रतिवेदन की प्रति सूचना के अधिकार तहत प्राप्त कर किसान मजदूर संघ छत्तीसगढ़ के संयोजक ललित चन्द्रनाहू द्वारा राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, रायपुर में शिकायत पत्र जनवरी 2022 में प्रस्तुत कर आपराधिक प्रकरण दर्ज कराए जाने का अनुरोध किया गया। लेकिन प्रकरण दर्ज नहीं किए जाने पर मार्च 2022 में मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग, सचिव-सामान्य प्रशासन विभाग और पुलिस महानिदेशक को पत्र प्रेषित कर प्रबंध संचालक के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने हेतु उक्त ब्यूरो को निर्देशित करने का निवेदन किया गया। लेकिन किसी तरह का सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आने पर शिकायतकर्ता चन्द्रनाहू द्वारा प्रबंध संचालक के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो को निर्देशित किए जाने बाबत् याचिका अपने अधिवक्ता अनुजा शर्मा के माध्यम से प्रस्तुत की गई, जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा शासन और ईओडब्ल्यू को जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

# एक तरफ कही जर्जर भवन गिर न जाये की डर से पहली से पांचवीं तक की पढ़ाई चल रही एक ही कक्षा में

## आंख में कम दिखाई देने के कारण छात्रों की पढ़ाने के लिए विभाग से बाहर के अन्य टीचर को ला रहे हेड मास्टर

जोहार छत्तीसगढ़-कोतबा।

**जशपुर जिले में फरसाबहार ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला बरटोली मे भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है। भवन लगभग खंडहर होने की स्थिति में पहुंच चुका है। वह कभी भी गिर सकता है और गंभीर हादसा हो सकता है।**




बारिश के मौसम में जर्जर स्कूल भवनों में बैठकर शिक्षा अर्जित कर रहे विद्यार्थियों को परेशानी होती है। कहीं बारिश में छत से पानी टपकता है तो कहीं भवन के नीचे का प्लास्टर उखड़ने से गड्ढे हो गए हैं। इसी परेशानी के बीच ही विद्यार्थियों को पढ़ाई करनी पड़ रही है इसी परेशानी को देखते हुए सभी पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थीयों को एक ही कक्षा में बैठकर पढ़ाई करना पड़ रहा है ना ही स्कूल में टाइलेट जाने कि व्यवस्था है और ना ही बाउंड्री वॉल है मुत्रालय तो मानो खंडहर बन चूका है वहा के एच एम सामएल कुजूर का कहना है कि स्कुल भवन लगभग पच्चीस साल पुराना है स्कुल भवन का छत काफी कमजोर हो चूका है बच्चों को वहा बैठाने में भी डर लगता है। जिसके कारण हमें बच्चों को एक साथ बैठना पड़ता है। और जिस कक्षा में बैठाया जा रहा है उस कक्षा में भी बारिश होने पर पुरे छत से पानी निचे टपकता है जिसके कारण इस भवन में भी छात्रों को नहीं बैठाया जा सकता है बारिश के दिनों में स्थिति अत्यंत दयनीय रहती है। हेड मास्टर का यह भी कहना है कि लगभग डेढ़ दो सालों से छत से सीमेंट की परत गिर रहा है। जब हेड मास्टर सामएल कजूर से पूछा गया कि भवन के जंजर होने की सूचना आपने किसी अधिकारी को दिया या नहीं, तब उनका कहना है कि पिछले सत्र के मार्च-अप्रैल में हमने विभागीय सूचना बीईओ ऑफिस व संकुल समन्वयक को दी थी। परंतु अभी तक भवन की स्थिति ठीक नहीं हो पाई है हेड मास्टर सामएल कुजूर अपनी आंखों से भी स्पष्ट नहीं देख पाते हैं इसलिए विभाग के बाहर से अन्य व्यक्ति को छात्रों की पढ़ाने के लिए लाया जा रहा है कई महीनों से उनकी आंखों का इलाज चल रहा है यह भी छात्रों के लिए एक दिक्कत की बात है अगर शिक्षक की आंखें स्पष्ट नहीं दिख रही तो छात्रों के पढ़ाई का क्या होगा। एक ओर पिछले दो सालों से जर्जर भवन के कारण विद्यार्थियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर हेड मास्टर की आंखों से स्पष्ट दिखाई ना पढ़ना भी कहीं ना कहीं छात्रों के भविष्य के लिए दिक्कत की बात है।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से अलग-अलग दो जगहों पर दो की मौत, दो गंभीर

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।






सीतापुर में अलग-अलग दो जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है वही दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। आपको बता दें कतकालो निवासी सोनमतिया 55 वर्ष जिसकी आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से उसकी मौका स्थल पर ही मौत हो गई। वही सीतापुर से लगे सूर चौक के पास एनएससी 43 मेन रोड में राजनाथ तिर्की निवासी बालाझार अपने बच्चों का स्कूल में एडमिशन करा कर अपने बच्चों के साथ अपनी मोटरसाइकिल से घर की ओर जा रहा था तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाने से एक ही परिवार के तीन लोग पिता व दो बच्चे आकाशीय बिजली की चपेट में आ गये। जिसमें पिता राजनाथ तिर्की की घटनास्थल पर ही मौत हो गई व दोनों बच्चे बुरी तरह झुलस गए। जिन्हें स्थानीय लोगों व एंबुलेंस की सहायता से सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां उनका इलाज किया जा रहा है जिसमें से छोटी बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई है जिसे अंबिकापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जब हमने, डॉक्टर निशा गुप्ता से बात की तो उन्होंने बताया की आज आकाशीय बिजली की चपेट में आए एक ही परिवार के तीन लोगों को सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जिसमें से राजनाथ तिर्की 35 वर्ष निवासी कुड़ापानी बालाझार जिसकी मौत हो चुकी थी उनके दो बच्चे निर्मला 14 वर्ष व राधा 5 वर्ष को सीतापुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जिनका इलाज चल रहा है बड़ी बच्ची निर्मला ठीक है जबकि राधा की शरीर में अधिक झुलस लगने के कारण उसे जिला अस्पताल अंबिकापुर रिफर किया जा रहा है।

## राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने किया सोनपुरी में संचालित गौशाला का अवलोकन

**महासमुंद ।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास सोमवार को जिले के सरायपाली ब्लॉक के ग्राम सोनपुरी में संचालित मां भगवती बहुउद्देशीय गोशाला के अवलोकन किया। कहा नरुवा, गरुवा, घुरुवा, बारी का सर्वाधिक काम महासमुंद जिले में ही हुआ है। बता दें कि यह गौशाला अत्यंत दुर्गम स्थान पर पहाड़ों व नालों से घिरा हुआ है, जहां छायादार व फलदार वृक्ष सघन रूप से लगाए गए हैं। संचालन समिति ने आवागमन के लिए बरसाती नाले में पुल निर्माण की मांग महंत रामसुंदर दास से की। इस दौरान गो सेवा आयोग अध्यक्ष ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ राज्य में भूपेश बघेल की सरकार बनी है तब से गौ सेवा के क्षेत्र में सुधार हुआ है। यह क्रम अभी भी जारी है। गौ सेवा आयोग द्वारा पूर्ववर्ती सरकार में पंजीयन के कार्य में आने वाली कठिनाइयों को भी सरल किया है। उन्होंने पशुपालकों और ग्रामीणों से कहा कि आप दुर्गम क्षेत्र में गौ माता की सेवा कर रहे हैं आने वाले समय में शीघ्रतापूर्वक आपके इस गौशाला का पंजीयन किया जाएगा। बरसाती नाले में पुलिया निर्माण की मांग संबंधित विभाग के समक्ष रखूंगा, ताकि आप और मवेशियों को आने-जाने में किसी भी तरह की तकलीफ का सामना करना ना पड़े।

## एक नजर

### शासकीय आईटीआई बेमेतरा में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

छग शासन कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छग रायपुर के अधीन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, बेमेतरा में सत्र 2022-23 एवं 2022-24 में प्रवेश हेतु आवेदकों से व्यवसाय विद्युतकार, कम्प्यूटर आपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट एवं मेकेनिक डीजल के लिये ऑनलाइन पंजीयन संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण के वेबसाइट के ऑनलाइन एप्लीकेशन 2022 पर क्लिक कर आनलाइन आवेदन 02 जुलाई 2022 तक कर सकते हैं। रजिष्ट्रेश्न के पूर्व प्रशिक्षण विवरणिका जो कि वेबसाईट पर उपलब्ध है। जिसमें प्रवेश हेतु शासकीय आईटीआई का नाम, व्यवसायवार सीटों की संख्या एवं शैक्षणिक योग्यता की जानकारी प्रदर्शित है। उसे डाउनलोड कर आवेदक सावधानी पूर्वक अध्ययन कर ऑनलाइन आवेदन करना है। आवेदक की आयु 01 अगस्त 2022 को 14 वर्ष से कम नहीं होना चाहिये। उच्चतम आयु सीमा का बंधन नहीं है। आवेदक का चयन होने पर एसएमएस के माध्यम से सूचना भेजी जावेगी। अतः आवेदक अपना सही एवं चालू स्थिति में मोबाइल नं. अवश्य दर्शावे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी बेमेतरा के कोबिया चौक स्थित आईटीआई संस्था से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

### आवासीय खेल अकादमी बिलासपुर हेतु जिला स्तरीय चयन ट्रायल 29 को

**एथलेटिक्स बालक-बालिका एवं कबड्डी बालिका का चयन ट्रालय रणजीता स्टेडियम में प्रातः 8 बजे से होगा**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र, बहतराई बिलासपुर में एथलेटिक्स बालक.बालिका एवं कबड्डी बालिका खिलाड़ियों के लिए आवासीय खेल अकादमी प्रारंभ की जा रही है। जिसमें चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान, प्लेइंग किट, दुर्घटना बीमा आदि सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। जिसके लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया जाना है। खेल अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार चयन ट्रायल में प्रतिभागियों का बैटरी टेस्ट एवं खेल के आधार पर कौशल टेस्ट लिया जायेगा। जिला स्तरीय चयन ट्रायल में उपस्थित खिलाड़ियों में से एथलेटिक्स में 06 बालक एवं 06 बालिका जिनका आयु 13 से 17 वर्ष के मध्य हो तथा कबड्डी में ऐसे खिलाड़ी जिन्होने 01 अप्रैल 2022 को 13 वर्ष पूर्ण कर लिया हो किंतु 14 वर्ष से अधिक न हो में से 03 बालिका, 01 अप्रैल 2022 को 15 वर्ष पूर्ण कर लिया हो किंतु 16 वर्ष से अधिक न हो में से 05 बालिका एवं 01 अप्रैल 2022 को 16 वर्ष पूर्ण कर लिया हो किंतु 17 वर्ष से अधिक न हो में से 05 बालिका कबड्डी खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन कर राज्य स्तरीय चयन ट्रायल में भेजा जायेगा। जिले के ऐसे एथलेटिक्स बालक.बालिका एवं कबड्डी बालिका खिलाड़ी राज्य स्तरीय खेल अकादमी में जाने की इच्छुक हो जिला स्तरीय चयन ट्रायल 29 जून 2022 को रणजीता स्टेडियम जशपुर में अंकसूची एवं आधारकार्ड की छायाप्रति के साथ प्रातः 08৹00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

## एनसीसी कैडेटों ने मनाया योग दिवस

**महासमुंद ।** शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में विश्व योग दिवस एनसीसी कैडेटों के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय एवं स्कूल के एनसीसी कैडेटों ने जीवन में योग को अपनाने की शपथ ली। एनसीसी अधिकारी प्रदीप कन्हेर एवं चमन चन्द्राकर तथा योग शिक्षक भेषलाल ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रातः 7 बजे से 7.35 तक योग की विभिन्न मुद्रा जिसमे प्राणायाम, ब्रजासन, शवासन, शशांक आसन, ताड़ासन, भुजंगआसन, तितली आसन, पवन मुक्तासन, मक्रासन आदि योग की क्रिया कुल 70 कैडेटों को करायी गई और प्रत्येक योग के लाभ के बारे में एनसीसी कैडेटों को बताया गया।

# राज्य महिला आयोग ने सुनवाई के दौरान महिलाओं के मानव तस्करी रोकथाम

**अन्य हितधारकों तथा पीड़ितों के पूर्नवास विषयों पर की चर्चा**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के द्वारा छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में मानव तस्करी रोकथाम, अन्य हितधारकों तथा पीड़ितों के पूनर्वास से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग, मानव तस्करी रोकथाम, अन्य हितधारकों तथा पीड़ितों के पूनर्वास विषय पर जिला जशपुर में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले के जिला संरक्षण अधिकारी, नवा बिहान के अधिकारी, मानव तस्करी रोकथाम पर कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता तथा जिले के पुलिस विभाग के अधिकारी कार्यशाला में उपस्थित थे। इस कार्यशाला में आधुनिकीकरण, आर्थिक विकास, पलायन एवं अन्य नवीन परिदृश्य में मानव तस्करी विशेषकर महिलाओं के मानव तस्करी रोकथाम, अन्य हितधारकों तथा पीड़ितों के पूर्नवास विषय पर परिचर्चा की गयी तथा एक राष्ट्रीय नीति तैयार करने पर विचार किया गया। मौजूदा कानून तथा नए लागू हुए कानून के क्रियान्वयन एवं प्रभाव तथा आवश्यक संशोधन पर भी परिचर्चा की गयी। प्रत्येक जिले में मानव व्यापार की रोकथाम हेतु निर्मित सेल की जानकारी दी गयी। साथ ही राज्य में विभिन्न शिविर के आयोजन के माध्यम से मानव तस्करी की रोकथाम, अन्य हितधारकों तथा पीड़ितों के पूनर्वास हेतु प्रचार-प्रसार एवं अन्य प्रयासो से अवगत कराया गया है। यदि कोई पीड़ित हैं तो वे छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के व्हाट्सएप कॉल सेंटर नम्बर 9098382225 पर सम्पर्क कर या सम्बंधित जिले के महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों से अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# नगर पंचायत नवागढ़ में हुआ व्यवस्थापन शिविर,कलेक्टर ने किया शिविर का मुआयना

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



जोहर छत्तीसगढ़-बेमेतरा। राज्य शासन के योजनांतर्गत प्रभारी सचिव एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में नगर पंचायत नवागढ़ में बुधवार को शासकीय भूमि के आबंटन, अतिक्रमण, व्यवस्थापन, रियायती एवं गैर रियायती पट्टों को भूमि हक प्रदान किये जाने हेतु राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने नवागढ़ का दौरा कर शिविर का मुआयना किया। शिविर में नगर पालिका प्रशासन, राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर के संबंध में नगर पालिका के द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। शिविर में फ्री होल्ड हेतु 15 आवेदन प्राप्त, राजीव गांधी आश्रय योजना पट्टा के लिए कुल 81 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण स्थल निरीक्षण बाद आबंटन व्यवस्थापन के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष तिलक घोषए अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रवीण तिवारी, तहसीलदार नवागढ़ के.आर. वासनिक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डीएल बर्मन, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर चंद्राकर, ऐल्डरमेन रुप प्रकाश यादव एवं अमित कुमार जैन राजस्व निरीक्षक सहित संबंधित क्षेत्र के पटवारीगण उपस्थित थे।

सफलता की कहानी

# कम्युनिटी फेंसिंग योजना का लाभ लेकर फल सब्जी की अच्छी पैदावार कर रहें -केदारनाथ यादव

**उद्यान विभाग की राज्य पोषित योजना का मिला लाभ**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





उद्यान विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य पोषित योजना के तहत् जिले के किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। योजना का लाभ लेने वाले लाभान्वित किसान दुलदुला विकासखंड के ग्राम ग्राम डंडाडीह निवासी केदारनाथ राम यादव पिता वासुदेव यादव ने बताया कि क्यूनिटी फेंसिंग योजना के तहत् कुल रकबा 7.367, फेंसिंग रकबा 0.800 का 50 प्रतिशत विभागीय अनुदान के रूप में लाभ मिला है। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए बताया कि वे उद्यानिकी फसलों लगाते हैं और उनके द्वारा अपने खेत में विभिन्न प्रकार फल, सब्जियों का उत्पादन किया जाता है, पूर्व में अपने खेतों में लगी फल सब्जी, फसल को पशुओं द्वारा काफी नुकसान किया जाता था। उन्हें अपने खेतों की सुरक्षा में काफी परेशानियां होती थी। उद्यान विभाग से संपर्क करने पर उन्हें कम्युनिटी फेंसिंग योजना की जानकारी मिली और तार की जाली से अपने खेतों की सुरक्षा के लिए बाउंड्री लगाई गई। उद्यान विभाग ने 50 प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में दिया। यादव ने बताया कि कम्यूनिटी फेंसिंग योजना का लाभ लेने के बाद अब उनके खेतों की सुरक्षा हो गई है साथ ही पशुओं से उनके सब्जी को किसी प्रकार हानि नहीं पहुँचती है। जिससे फल सब्जी की पैदावार भी अच्छी होती है। उन्होंने इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

# पंजीकृत श्रमिकों के प्रथम दो बच्चों के प्रसव हेतु मिलेगी 20-20 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित मिनीमाता महतारी जतन योजना में पंजीकृत निर्माणी महिला हितग्राहियों को प्रथम दो बच्चों के जन्म के बाद एक मुश्त 20 हजार रूपये दिये जाने का प्रावधान है। यह योजना पूर्व में संचालित भगिनी प्रसूति सहायता योजना का परिवर्तित नाम है। जिसमें पूर्व में 10 हजार रूपये दिये जाने का प्रावधान था। इस योजना में निर्माण श्रमिक के रूप में मंडल में 90 दिन पूर्व पंजीयन होना अनिवार्य है। बच्चे के जन्म पश्चात् 3 माह तक आवेदन करने का प्रावधान है। जिसमें बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, जच्चा-बच्चा कार्ड, बैक खाता, श्रमिक पंजीयन कार्ड एवं हितग्राही द्वारा स्वयं का दिये गये स्वघोषणा प्रमाण पत्र के साथ निकटतम च्वाईस सेंटर या श्रम विभाग से आवेदन कर सकते है। ऑनलाईन आवेदन में सभी मूल दस्तावेज स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि जिला बेमेतरा में निर्माणी श्रमिकों के लिए संचालित मिनीमाता महतारी जतन योजना में पूर्व वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 420 हितग्राहियों को राशि 29,05,000 उनतीस लाख पांच हजार रूपये, की सहायता राशि से लाभान्वित किया गया था। तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में अब तक कुल 73 हितग्राहियों को राशि 13,60,000 तेरह लाख साठ हजार रूपये की सहायता राशि प्रदाय किया जा चुका है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में संचालित प्रसूति सहायता योजना में पूर्व वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 209 हितग्राहियों को राशि 20,90,000 बीस लाख नब्बे हजार रूपये की सहायता राशि से लाभान्वित किया गया थाए तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में अब तक कुल 149 हितग्राहियों को राशि 29,80,000 उनतीस लाख अस्सी हजार रूपये की सहायता राशि प्रदाय किया जा चुका है। इस प्रकार दोनों मंडल में पंजीकृत 629 हितग्राहियों को पूर्व वित्तीय वर्ष में 49 लाख 95 हजार एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक 222 हितग्राहियों को 43 लाख 40 हजार की सहायता राशि प्रदाय किया गया।

जोहार छत्तीसगढ़


## बंद नहीं हुई अक्षय-टाइगर की बड़े मियां छोटे मियां



अक्षय कुमार और टाइग श्रॉफ स्टारर बड़े मियां छोटे मियां घोषित होने के बाद से ही चर्चा में है। हाल ही में खबर उड़ी थी कि फिल्म बंद हो गई है। यह बात केआरके के एक ट्वीट के बाद उड़ी थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि अली अब्बास जफर अक्षय और टाइगर के साथ यह फिल्म नहीं बना रहे हैं। अब फिल्म के निर्माता-निर्देशक अली अब्बास ने इस बात का खंडन किया है और इसे कोरी अफवाह बताया है।

रिपोर्ट के अनुसार निर्देशक अली अब्बास ने कहा है कि फिल्म के बंद होने की खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। यह फिल्म अपने ट्रैक पर है और इसके प्री-प्रोडक्शन का काम चल रहा है। निर्देशक के मुताबिक इस तरह की बड़ी फिल्म के लिए अच्छी तैयारी करनी पड़ती है।

## मामनिथान में शानदार प्रदर्शन के लिए गायत्री को मिल सकता है राष्ट्रीय पुरस्कार

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सीनू रामासामी ने कहा है कि अभिनेत्री गायत्री, जो उनकी आने वाली फिल्म मामनिथन में मुख्य भूमिका निभा रही है, वह अपने शानदार प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर सकती है।



मामनिथन यूनिट द्वारा आयोजित की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए सीनू रामासामी ने खुलासा किया कि उन्होंने कई एक्ट्रेसेज को अपनी स्क्रिप्ट सुनाई, लेकिन उनमें से कोई भी दो बच्चों की मां की भूमिका निभाने को तैयार नहीं थी।


रामासामी ने कहा, मैंने कई एक्ट्रेसेज को स्क्रिप्ट सुनाई, लेकिन उनमें से ज्यादातर सेकेंड हाफ से खुश नहीं थीं। वे रोमांटिक पार्ट से खुश थीं, लेकिन सेकेंड हाफ में जब एक मां की भूमिका के बारे में बताया गया, तो सभी एक्ट्रेसेज पीछे हट गईं।

निर्देशक ने कहा, गायत्री ने इस फिल्म में पूरी दिलचस्पी दिखाई। मुझे विश्वास है कि वह इस फिल्म में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतेंगी।

फिल्म में विजय सेतुपति की पत्नी की भूमिका निभाने के लिए गायत्री को वजन बढ़ाना पड़ा। बिना मेकअप के भी शूट करना पड़ा, जो उस प्यार के बारे में है, उस बलिदान के बारे में है जो माता-पिता अपने बच्चों के लिए करते हैं।

## नियति फतनानी ने चन्ना मेरेया में अपनी भूमिका के लिए पंजाबी सीखी

टीवी अभिनेत्री नियति फतनानी नए शो चन्ना मेरेया में गिन्नी नाम की एक सिख लड़की की मुख्य भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेत्री ने कहा कि, उन्होंने अपनी भूमिका के लिए पंजाबी बोलना सीखा ।उन्होंने साझा किया, बात यह है कि मैं एक सिखी की भूमिका निभा रही हूं, इसलिए मुझे पंजाबी बोलना है।



यह शो सभी के लिए है, इसलिए मुझे हर समय उचित पंजाबी में बात करने की जरूरत नहीं है। अभी भी एक का उपयोग कर रही है किरदार की मांग के मुताबिक बहुत सारी पंजाबी बोलियां हैं। इसलिए, अपने किरदार को न्याय दिलाने के लिए मुझे पंजाबी सीखनी पड़ी।

शो चन्ना मेरेया अमृतसर में सेट है और नियति एक सिखनी की भूमिका निभाती है जो एक ढाबा चलाता है।

नजर की अभिनेत्री ने पंजाबी भाषा सीखने के लिए अपनाए गए तरीकों के बारे में आगे बताया।

उन्होंने आगे कहा, मैंने बहुत सारे वीडियो देखे जहां लोगों ने पंजाबी में व्लॉग किया, बहुत सारी पंजाबी फिल्में देखीं। मैंने अपने चरित्र को बेहतर ढंग से समझने के लिए इंस्टाग्राम पोस्ट पर पंजाबी में टिप्पणियां भी पढ़ीं और बताया कि वह अपने दैनिक जीवन में कैसे बोलती है। चन्ना मेरेया जल्द ही स्टार भारत पर आने वाली है।

## चेहरे के बाल कर रहे है शर्मिंदा तो ये नेचुरल रिमूवर है बड़े असरकारक

बाल हमारे शरीर के एक महत्वपूर्ण हिस्सा है बाल स्किन को जलवायु परिवर्तन ,बैक्टीरिया जैसी बाहरी कारकों से बचाने में जरूरी भूमिका निभाते हैं लेकिन हमारे शरीर के कई हिस्से पर ऐसे बाल होते हैं जो आत्म विश्वास को कम कर सकता है साथ हमारे चेहरे की सुंदरता को भी खराब कर देते हैं शरीर में हार्मोन संतुलन संतुलन के अवस्थाओं के बाद या कुछ चिंताओं के कारण चेहरे के अनचाहे बाल बढ़ सकते हैं आज अब आपको चेहरे के बालों को हटाने की कुछ नेचुरल उपाय बताते हैं। दाल का फेस पैक ्लाल मसूर की दाल का चिकना पेस्ट बनाकर दाल का फेसपैक



तैयार करें इस पैक को विपरीत दिशा में स्क्रब करे जहाँ अनचाहे बाल हैं वहां आपके चेहरे पर घृश्न पैदा होता है धीरे-धीरे और बालों को हटा देता जो आप नहीं चाहते हैं । नींबू का रस और शहद ्शहद और नींबू के रस का एक फेस पैक आपकी स्किन से चिपक जाता है आपकी त्वचा से धीरे-धीरे छिलने पर बालों के विकास को दूर करने में मदद करता है शहद में हाइड्रेटिंग और मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं जो स्किन को चिकना और मुलायम बनाने में मदद करेंगे हां वही नींबू का रस आपकी स्किन को साफ करता है और आपकी त्वचा के छिद्रों को कसने में मदद करता है यहआपके चेहरे के और सारे शरीर के अन्य अंगों के बालों को भी हल्का करता है। हल्दी ्हल्दी एंटी-सेप्टिक और एंटी-बैक्टीरियल गुणों के लिए जानी जाती है लेकिन हल्दी आपके चेहरों पर बालों को बढ़ने से रोकने में मददगार है यह विशेष रुप से आपकी शरीर के घने बालों को हटाने का काम करता है।

## घुटनो और कोहनी के कालेपन को दूर करने के लिए फॉलो करे इन सरल टिप्स को

अक्सर लोग अपने स्किन और हेल्थ की देखभाल ज्यादा करते है लेकिन गर्मी में कई बार त्वचा कलाई और डार्क घुटने,कोहनी और अंडर आर्म्स से जुडी समस्या होने लगती है इस मौसम में कई बार कोहनी और घुटने का काले हो जाते है।



इसके कई कारन होते है लेकिन आपको बता दे की इस समस्या से बचने के लिए कुछ इसी टिप्स है जिससे त्वचा खूबसूरत दिखती है और डार्क घुटने कोहनी की समस्या दूर होती है तो चलिए जानते है इनके बारे में

फ्रिक्शन कम करे-कई बार काम काज करते समय अपने पेरो को काफी देर तक मोड़े रखते है जिसके कारन इनमे फ्रिक्शन हो जाता है जो डार्क स्किन का रूप लेता है ऐसे में इससे समस्या से बचने के लिए अपने जॉइंट्स को फ्रिक्शन कम करे इससे डार्क स्किन की समस्या दूर रहती है।

विटामिन ए और ई का इस्तेमाल करे-अगर आप विटामिन ए और ई का नियमित इस्तेमाल करते है तो आपको काफी फायदा होगा इससे स्किन के पिगमेंट नहीं बढ़ते है और डार्क स्किन की समस्या दूर होती है इसके लिए गाजर,शकरकंद जैसी चीजे लाभदायक है। इसके अलावा टाइट कपडे पहनने से बचे।



महिला हॉकी वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान

## टीम को ओलिंपिक के सेमीफाइनल तक पहुंचाने वाली कप्तान रानी रामपाल बाहर

महिला हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भारतीय महिला टीम घोषित कर दी गई है। हालांकि, टीम को टोक्यो ओलिंपिक के फाइनल तक पहुंचाने वाली कप्तान रानी रामपाल इस बार टीम से बाहर हैं, जबकि अनुभवी गोलकीपर सविता पुनिया को कमान सौंपी गई है और दीप इक्का ग्रेस को डिप्टी बनाया गया है। महिला हॉकी वर्ल्ड कप का आयोजन 1 से 17 जुलाई तक नीदरलैंड और स्पेन की संयुक्त मेजबानी में होगा।




### रिहैब से गुजर रही थीं रानी रामपाल

करिश्माई स्ट्राइकर और पूर्व कप्तान रानी रामपाल के पैर की मांसपेशियों की चोट से उबरने के बाद बेल्जियम और नीदरलैंड के खिलाफ स्न्रद्ब॥ प्रो लीग मुकाबलों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया था। टीम की हिस्सा होने के बावजूद रानी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के दौरान शुरुआती चार मैच में नहीं खेलीं। इससे उनके अनफिट होने का अंदाजा लगाया जा रहा है। हालांकि, हॉकी इंडिया ने उनकी फिटनेस की स्थिति स्पष्ट नहीं की है।

रानी को जगह नहीं मिलने के बाद टीम में और कोई हैरानी भरा नाम नहीं है और भारत ने परखे हुए खिलाड़ियों को मौका दिया है। हाल के स्न्रद्ब॥ प्रो लीग मुकाबलों में भारतीय टीम का हिस्सा रही डिफेंडर इशिका चौधरी और अक्षता अबासो ढेकाले, मिडफील्डर बलजीत कौर और स्ट्राइकर संगीता कुमारी को भी टीम में जगह नहीं मिली है।

### इंग्लैंड के खिलाफ अभियान का आगाज करेगी टीम

भारत को पूल बी में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और चीन के साथ रखा गया है। टीम अपना पहला मैच 3 जुलाई को इंग्लैंड से खेलेगी, जिसके खिलाफ उसने तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक का मुकाबला गंवाया था। लंदन में पिछले विश्व कप में भारतीय टीम को क्वार्टर फाइनल में आयरलैंड के खिलाफ शूट आउट में हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय कोच यानेक शॉपमैन ने कहा कि हमने विश्व कप के लिए सर्वश्रेष्ठ टीम चुकी है।

## पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने किया स्वीकार, विश्व क्रिकेट पर है भारत का दबदबा

नई दिल्ली ।पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने दावा किया है कि भारत विश्व क्रिकेट पर हावी है। पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने इसके पीछे का कारण भी बताया है कि आखिर भारत विश्व क्रिके पर क्यों अपना दबदबा बनाए हुए है। अफरीदी का कहना है कि यह सबसे बड़ा क्रिकेट बाजार है।



टी20 विश्व कप विजेता खिलाड़ी अफरीदी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और इसकी हाल ही में घोषित ढाई महीने की विंडो के बारे में बात करते हुए कहा कि भारत ऐसा करने के लिए पर्याप्त है। आईपीएल की लंबी विंडो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ-साथ पाकिस्तान एफटीपी कार्यक्रम को भी प्रभावित करने वाली है, क्योंकि उसी समय पाकिस्तान में क्रिकेट खेली जाती है। शाहिद अफरीदी ने कहा, यह सब बाजार और अर्थव्यवस्था पर निर्भर करता है। सबसे बड़ा (क्रिकेट) बाजार भारत है।

### एक नजर

## वनडे रैंकिंग में झूलन गोस्वामी को हुआ नुकसान, टॉप-5 से हुईं बाहर

**नई दिल्ली** । भारत की अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को लेटेस्ट आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में गेंदबाजों की लिस्ट में नुकसान उठाना पड़ा है। झूलन को लेटेस्ट रैंकिंग में एक स्थान का नुकसान हुआ है अब पांचवें से छठे नंबर पर खिसक गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की अयाबोंगा खाका ने उनकी जगह ले ली है। एक अन्य



दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट ने भी आयरलैंड पर अपनी हालिया वनडे सीरीज क्लीन स्वीप के दौरान प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में बल्लेबाजों की लिस्ट में एक पायदान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गई हैं। वोल्वार्ड्ट ने डबलिन में तीसरे और अंतिम मैच में 89 रनों की लाजवाब पारी खेली थी। बैटिंग लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली 785 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। स्मृति मंधाना 669 अंकों के साथ आठवें नंबर पर बनी हुई हैं। वह इस लिस्ट में टॉप-10 में एकमात्र भारतीय बल्लेबाज हैं। इंग्लैंड की नटाली शिवर दूसरे और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी तीसरे स्थान पर कायम हैं।

## रोहित और अभिषेक के दम पर ऋचा एसडीएस सेमीफाइनल में

**नयी दिल्ली** । हरियाणा रणजी खिलाड़ी रोहित शर्मा के शानदार शतक (महज 52 गेंदों में 103 रन,12 चौके 6 छक्के) और आईपीएल खिलाड़ी अभिषेक शर्मा (महज 52 गेंदों में 93 रन, 8 चौके 5 छक्के), युद्धवीर सिंह (3/49), मयंक डागर (2/37) के शानदार खेल की मदद से ऋचा एसडीएस ने सेंट स्टीफन क्रिकेट ग्राउंड मोरी गेट पर खेले जा रहे प्रथम अखिल भारतीय आरवी स्पोर्ट्स प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में भवानी युथ क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया । संक्षिप्त स्कोर् भवानी युथ- 40 ओवर में 251/9 (प्रतीक रमन 65, युद्धवीर सिंह 3/49, मयंक डागर 2/37) ऋचा एसडीएस- 22 ओवर में 254/3, (रोहित शर्मा 103 रन, अभिषेक शर्मा 93)

## दिल्ली टी 20 मैच से हुई लगभग पांच करोड़ की कमाई

**नयी दिल्ली** ।भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए पहले टी 20 मुकाबले से लगभग पांच करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई हुई है।

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के निदेशक हरीश सिंगला ने बताया कि इस मैच से लगभग पांच करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई हुई है। सिंगला ने बताया कि इसमें डीडीसीए के युवा अध्यक्ष रोहन जेटली की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष डॉ सीके खन्ना की सलाह और अध्यक्ष की सीरीज का पहला मैच पाने की पहल की सराहना की जानी चाहिए। डीडीसीए के सचिव और सर्वोच्च परिषद् के सदस्यों के प्रयासों को भी सराहा जाना चाहिए।

श्रीलंका ने 50 में से 43 ओवर स्पिनर्स से डलवाए

## चौथा वनडे 4 रन से जीता, 30 साल बाद ऑस्ट्रेलिया से घर में सीरीज जीती

मंगलवार रात ऑस्ट्रेलिया-श्रीलंका मुकाबले में लंकाई कप्तान दासुन शनाका की अलग ही रणनीति देखने को मिली। उन्होंने पारी के 50 ओवर में से 43 ओवर अपने स्पिनर्स से डलवाए। सिर्फ सात ओवर ही तेज गेंदबाजों ने डाले।




वनडे क्रिकेट इतिहास में ऐसा आठवीं बार हुआ जब पारी के 43 ओवर स्पिनर्स से कराए गए हों। ऐसा करने वाली श्रीलंका इकलौती टीम बनी है। शनाका की यह रणनीति सफल भी रही। मेजबान टीम ने यह मुकाबला 4 रनों से जीता। इस जीत श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया पर पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की बढ़त बना ली है। सीरीज का आखिरी मुकाबला 24 जून को खेला जाएगा।

श्रीलंका ने 30 साल बाद अपने घर में ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज में हराया है। इससे पहले, उसे अगस्त 1992 में तीन वनडे मैचों की सीरीज में 2-1 से जीत मिली थी। उसके बाद उसने अपने घर में लगातार तीन वनडे सीरीज गंवाई हैं। कंगारू टीम 2004, 2011 और 2016 में लंकाई धरती पर जीतने में सफल रही थी।

फाइनल से पहले नहीं भिड़ेंगे नडाल-जोकोविच

## विम्बलडन में जोकोविच को मिली टॉप सीड, 1 साल बाद वापसी कर रहीं सेरेना को कोई वरीयता नहीं

**लंदन।** टेनिस के सबसे प्रतिष्ठित ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट विम्बलडन की सीडिंग मंगलवार को जारी कर दी गई। मेंस सिंगल्स में सर्बिया के नोवाक जोकोविच को टॉप सीड दी गई है। वहीं, स्पेन के राफेल नडाल को दूसरी वरीयता मिली है। यानी ये दो खिलाड़ी फाइनल से पहले आमने-सामने नहीं हो सकते हैं। जोकोविच 6 बार विम्बलडन खिताब जीत चुके हैं। नडाल ने दो बार यह टाइटल अपने नाम किया है। विमेंस सिंगल्स में 7 बार की चैंपियन सेरेना विलियम्स अनसीडेड प्लेयर के तौर पर उतरेंगे। 40 साल की सेरेना कुल 23 ग्रैंड स्लैम खिताब जीत चुकी हैं और महिलाओं में मारग्रेट कोर्ट



(24 ग्रैंड स्लैम) से सिर्फ एक खिताब पीछे हैं।

इस समय मेंस सिंगल्स में रूस के डेनिल मेदवेदेव दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी हैं। वहीं, जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव नंबर-2 खिलाड़ी हैं। ये दोनों इस बार विम्बलडन में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। इस वजह से जोकोविच और नडाल को सीडिंग में फायदा मिला है। विम्बलडन के आयोजक ऑल इंग्लैंड क्लब ने यूक्रेन युद्ध के कारण रूसी खिलाड़ियों के खेलने पर रोक लगा दी है। इस कारण मेदवेदेव नहीं खेल पा रहे हैं।

# कोण्डागांव में चोरों के हौसले बुलंद, लाखों की चोरी, सीसी टीवी को भी ले उड़े चोर

कोण्डागांव। नगर में चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। नगर के हृदय स्थल मुख्य मार्ग पर स्थित कपड़े की दुकान में अज्ञात चोरो ने सोमवार की देर रात धावा बोल दिया ।लगभग 50 हजार नगदी समेत 3 लाख से अधिक की चोरी करने का मामला संज्ञान में आया है।




खास बात यह रही कि दुकान में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों का पूरा सिस्टम भी चोर अपने साथ ले उड़े।

मामले की जानकारी देते नगर में मुख्य मार्ग पर शुक्ला बाड़ा में स्थित कपड़े की दुकान दहिया कलेक्शन के संचालक मनोज दहिया पिता राधेश्याम दहिया ,उम्र 37 वर्ष ने बताया कि मंगलवार को दुकान बंद रहती है। लेकिन साफ -सफाई करने जब वह मंगलवार की दोपहर को दुकान पहुंचा तो उसने दुकान की हालत देखकर अंदाजा लगा लिया कि चोरी हुई है। दुकान के अंदर पूरी तरीके से मुआयना करने पर उसने देखा कि छत के ऊपर दरवाजे का कांच टूटा हुआ है और ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने अंदर घुसकर दुकान के काउंटर में रखा लगभग 50 हजार नगदी रुपया और 2.50 लाख से अधिक का सामान के साथ, दुकान में लगे 13 नग सीसीटीवी कैमरों को निकाल उसके सारे सिस्टम को पार कर दिया है। आसपास देखने पर यह समझ आया कि दुकान के बाजू में ही निर्माणाधीन मकान की छत पर लोहे की सीढ़ी लगाकर चोरों ने दुकान की छत पर चढ़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही कोण्डागांव पुलिस मौका ए वारदात पर पहुंच कर मुआयना करने पश्चात अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई हैं।

## अनुभव एवं कोविड ड्यूटी प्रमाणपत्र सत्यापन की अंतिम तिथि 28 जून निर्धारित'

**कोरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड सरगुजा संभाग (अंबिकापुर) द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए है, जिनमें अभ्यर्थियों द्वारा अनुभव एवं कोविड ड्यूटी प्रमाण-पत्र होने का दावा किया गया है। प्रमाण पत्रों का सत्यापन हेतु 09 जून से 20 जून 2022 तक की तिथि निर्धारित की गई थी, उक्त तिथियों में सत्यापन हेतु उपस्थित नही हुए आवेदक दिनांक 28 जून 2022 तक प्रातः 11 से सायं 04 बजे तक विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के कंचनपुर स्थित कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापित कर सकेंगे। नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित नही होने पर अनुभव एवं कोविड ड्यूटी प्रमाणपत्र दावा अमान्य कर दिया जाएगा।




## संकुल केंद्र बड़ेबेंदरी के शिक्षकों को लगा कोविड-19 बूस्टर डोज का टीकाकरण

**कोण्डागांव।** दिनांक 22/06/2022 को शासकीय उच्च प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में संकुल समन्वयक उमेश भारती के नेतृत्व में संकुल के 10 शिक्षकों को कोविड-19 बूस्टर डोज का टीका लगाया गया ।जिसमें मुख्य रुप से उच्च प्राथमिक शाला मुरारीपारा से सर्वश्री बी आर तुरकर, श्री परमानंद पटेल, श्रीमती गायत्री ध्रुव, कुमारी तुलसीबती, प्राथमिक शाला मुरारीपारा से श्री पवन कुमार साहू, ज्ञान ज्योति प्राथमिक शाला नयापारा से मदन कुमार कोर्राम,प्राथमिक शाला बायकापदर से श्रीराम उराँव,माध्यमिक शाला बड़ेबेंद्री से दृगपालदास मानिकपुरी , नवीन प्राथमिक शाला झंडापारा से श्री कामेश्वर पटेल, उच्च प्राथमिक शाला बायकापदर से श्री फूलचंद पोयाम को कोविड-19 बुस्टर डोज का टीका श्री भोजराम बघेल एएनएम (पुरुष )उप स्वास्थ्य केंद्र बदेबेन्द्री द्वारा लगाया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक श्री उमेश भारती एवं संकुल के अन्य शिक्षक- शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे। तत्पश्चात संकुल समन्वयक उमेश भारती ने संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओ का स्वागत करते हुए शिक्षा सत्र 20022 - 23 का प्रथम स्वागत बैठक रखा गया ।जिसमें आगामी गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया।







## एक नजर

### शिक्षा के अधिकार अधिनियम अंतर्गत भर्ती हेतु आवेदन 15 जुलाई तक

**कोण्डागांव।** कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत् प्रवेश हेतु द्वितीय चरण छात्र आवेदन करने की तिथि 01 जुलाई से 15 जुलाई 2022 तक अशासकीय विद्यालयों में रिक्त सीटों पर निःशुल्क प्रवेश हेतु वेब पोर्टल eduportal.cg.nic.in/RTE पर जा कर आवेदन किया जा सकता है। जिसमें नर्सरी हेतु 03 से 04 वर्ष , केजी-1 हेतु 04 से 05 वर्ष तथा कक्षा पहली हेतु 05 से 6.6 वर्ष तक के बच्चों को दुर्बल वर्ग अंतर्गत एसटी, एससी, ओबीसी तथा सामान्य वर्ग हो (बीपीएल कार्डधारी, एचआईवी पीड़ित परिवार) तथा असुविधा ग्रस्त वर्ग अंतर्गत एसटी, एससी (जाति प्रमाण पत्र) की पात्रता होनी चाहिए जिस हेतु किसी भी शासकीय कार्यालय, जनपद, विकासखण्ड कार्यालयों तथा च्वाईस सेंटर पर जा कर आवेदन किया जा सकता है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2022 है।

### अतिथि शिक्षकों हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी

**कोण्डागांव।** कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार कोण्डागांव जिले में छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशानुसार अतिथि शिक्षकों की भर्ती हेतु 05.07.2019 को जारी विज्ञापन के तहत् प्राप्त आवेदनों की जांच समिति द्वारा परीक्षण एवं दावा आपत्ति निराकरण उपरांत सूची जारी की गई है। जिसमें अतिथि शिक्षक हेतु चयनित एवं अन्य अभ्यर्थियों की सूची 21 जून को प्रकाशित कर दी गई है। इस सूची का अवलोकन अभ्यर्थी कोण्डागांव जिले की वेबसाईट www.kondagaon.gov.in एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव के सूचना पटल से कर सकते हैं

### आत्मानन्द हिदी माध्यम स्कूलों में शिक्षक पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन 30 जून तक

**कोण्डागांव।** कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कोण्डागांव द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार शिक्षा विभाग कोण्डागांव के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय तहसीलपारा कोण्डागांव हेतु पफ स्वीकृत किया गया है। उक्त विद्यालय हेतु प्रतिनियुक्ति के कुल 25 पद स्वीकृत किये गये हैं। जिसमें प्राचार्य, व्याख्याता हिन्दी के 02, व्याख्याता अंग्रेजी के 02, व्याख्याता संस्कृत के 01, व्याख्याता गणित के 01, व्याख्याता जीव विज्ञान के 02, व्याख्याता रसायन के 01, व्याख्याता भौतिकी के 01, व्याख्याता राजनीति के 01, व्याख्याता भूगोल के 01, व्यायाम शिक्षक के 01, प्रयोगशाला सहायक के 03, सहायक ग्रेड-02 के 01, सहायक ग्रेड-03 के 02, भृत्य के 04, चौकीदार के 01 एवं अंशकालीन के 01 पद शामिल हैं। जिनपर प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भर्ती हेतु शैक्षणिक जिला कोण्डागांव में कार्यरत् पात्र एवं योग्यताधारी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून 2022 सायं 5.00 बजे तक है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी हेतु जिले की वेबसाईट www.kondagaon.gov.in का अवलोकन कर सकते हैं।

### राजस्व अधिकारियों के प्रभार में परिवर्तन

एसडीएम बस्तर श्री वर्मा को बनाया गया जगदलपुर एसडीएम

**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री रजत बंसल ने प्रशासनिक व्यवस्था के तहत जिले के राजस्व अधिकारियों के प्रभार में परिवर्तन किए। इसमें संयुक्त कलेक्टर श्री दिनेश नाग को जगदलपुर एसडीएम के प्रभार से मुक्त करते हुए आयुक्त नगर निगम का वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रभार दिया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बस्तर श्री ओम प्रकाश वर्मा को जगदलपुर अनुविभागीय दण्डाधिकारी का दायित्व दिया गया है। साथ ही संयुक्त कलेक्टर श्री नंदकुमार चौबे को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बस्तर का प्रभार दिया गया।

### एनटीपीसी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**कोरबा** ।इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम मानवता के लिए योग को ध्यान में रखते हुए एनटीपीसी कोरबा आवासीय परिसर में विभिन्न स्थानों पर आठवाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया । कार्यक्रम शुरू होने से पहले श्री पी राम प्रसाद, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ने आमंत्रित प्रशिक्षक को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य कार्यक्रम आवासीय परिसर स्थित न्यूक्लियस क्लब के उत्सव हाल में आयोजित किया गया था। योग प्रशिक्षक के रूप में आमंत्रित सुश्री अनिशा देशमुख ने सबसे पहले योग के महत्व के बारे में बताया और इसके उपरांत विभिन्न प्रकार के योग का अभ्यास करवाते हुए इसके लाभों से अवगत करवाया।

## बस्तरः युवा सीख रहे आधुनिक तरीके से पारंपरिक गोदना कला

**जगदलपुर।** अपनी अनोखी परम्परा और रिवाज़ों के लिए बस्तर विश्वभर में प्रसिद्ध है। आदिवासी संस्कृति में जहां प्रकृति से जुड़ाव दिखता है वहीं उनकी संस्कृति में सृजनशीलता और सौंदर्यबोध की मौलिकता भी है। गोदना कला भी इन्ही में से एक है। गोदना आर्ट बस्तर की परम्परा और लोकजीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसा मान्यता है कि गोदना मृत्यु के बाद अपने पूर्वजों से संपर्क का माध्यम है। आधुनिकीकरण के तेजी से बदलते समय में बस्तर की पारंपरिक कला को बचाए रखने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा बस्तर के आसना में बस्तर एकेडमी ऑफ डांस, आर्ट एंड लेंग्वेज (बादल) की स्थापना भी की गई है, जहां बस्तर की गोदना कला को संरक्षित करने और स्थानीय युवाओं को गोदना के नए उभरते ट्रेंड्स से परिचित, प्रशिक्षित करने के लिए बादल में गोदना कला पर प्रदेश का पहला और अनूठा आयोजन हुआ। जिला प्रशासन ने 20 मई से 6 जून तक आसना स्थित बादल एकेडमी में गोदना आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया, जहां पेशेवर गोदना विशेषज्ञों द्वारा बस्तर के युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। वर्कशॉप में बस्तर के अलग-अलग ब्लॉक से आकर युवक-युवतियों ने गोदना का प्रशिक्षण लेने के साथ ही गोदना आर्ट की बारीकियों और विश्व में उभरते गोदना के ट्रेंड्स पर जानकारी ली।





## मुंबई की प्रतिष्ठित म्यूजिक बैंड दायरा के परफॉर्मर्स बनाएंगे बस्तर के लोक संगीत पर एल्बम

परफॉर्मर्स ने दिया बस्तर के संगीत प्रेमियों को संगीत का गुरुमंत्र

**बस्तर/** आज आसना स्थित बादल में संगम वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जहां मुंबई के प्रतिष्ठित म्यूजिक बैंड दायरा के परफॉर्मर्स ने बस्तर के संगीत प्रेमियों को संगीत की बारीकियों से रुबरु करवाया।

बादल में बस्तरवासियों के लिए विभिन्न वर्कशॉप के आयोजन की कड़ी में आज बादल में संगम वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में बस्तर जिले के साथ- साथ दूसरे जिले के संगीत प्रेमी भी शामिल हुए। बादल में दायरा के परफॉर्मर्स ने बस्तर के संगीत प्रेमियों को संगीत में दुहराव का महत्व, गीत लिखने की कला के साथ-साथ संगीत में ताल, राग एवं सह-गान का महत्त्व के साथ संगीत से जुड़ी बारीकियों के बारे में बताया। साथ ही संगीत प्रेमियों के द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया।

इस वर्कशॉप में स्वामी आत्मानंद स्कूल जगदलपुर की छात्रा तनिष झा ने दायरा बैंड के परफॉर्मर्स से सवाल पूछा कि संगीत के लिए बीट कैसे तैयार की जाती है। वहीं सिद्धार्थ महाजन ने परफॉर्मर्स से सवाल पूछा कि किसी भी गाना को गाने के लिए कैसे लय बनाए जाए। दायरा बैंड के सदस्य पियूष कपूर ने कहा कि बस्तर आकर हमें अच्छा लगा रहा है, यहां की लोक संगीत में काम करने की अपार संभावनाएं हैं। यहां के लोक संगीत और वाद्ययंत्रों का कोई जवाब नहीं। उन्होंने बताया कि हमने यहां के लोक कलाकारों के साथ चार पांच एल्बम तैयार किए हैं, जिसकी रिकॉर्डिंग बादल में ही करेंगे साथ ही पूरी एल्बम की शूटिंग बस्तर में ही करेंगे।



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्साह एवं खुशी के माहौल में जिला स्तरीय योग महोत्सव का आयोजन

राजनांदगांव । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्साह एवं खुशी के माहौल में जिला स्तरीय योग महोत्सव का आयोजन आज सुबह कृषि उपज मंडी प्रांगण राजनांदगांव में किया गया। योग फॉर ह्यूमैनिटी पर केन्द्रित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य श्री रविन्द्र सिंह शामिल हुए।



**- नियमित रूप से योग करने पर शरीर में होता है ऊर्जा का संचार - छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य रविन्द्र सिंह**


इस दौरान कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने भी योगाभ्यास किया। बड़ी संख्या में बच्चे एवं नागरिकों ने योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया। करें योग रहें निरोग का संदेश सभी को दिया गया। छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य श्री रविन्द्र सिंह ने सभी को योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए शपथ दिलाई।

छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य रविन्द्र सिंह ने सभी को योग दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग के माध्यम से हम शरीर एवं मन को तंदुरूस्त करते हैं। नियमित रूप से योग करने पर शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। विपरीत परिस्थितियों में भी मनुष्य सामान्य बने रहते हैं। योग विभिन्न प्रकार के रोग को दूर करने का सरल माध्यम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ योग आयोग के माध्यम से रोजगार देने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। इसके पहले 200 व्यक्तियों को रोजगार दिया गया और शीघ्र ही 5 हजार भर्तियां की जाएंगी। उन्होंने बताया कि योग आयोग की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को विद्यालय एवं महाविद्यालय में योग को शामिल करने के लिए आग्रह किया है। युवाओं को नशा एवं अपराध से दूर रखते हुए उनके जीवन को सही दिशा देने के लिए योग, ज्ञान एवं ध्यान आवश्यक है। इसके माध्यम से जीवन को संतुलित किया जा सकता है।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। योग से हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। योगासन हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और बीमारियों को दूर करते हैं। इसे एकाग्रता और याददाश्त शक्ति बढ़ती है तथा आत्मविश्वास, इच्छाशक्ति एवं निर्णय क्षमता का भी विकास होता है। यह खुशी की बात है कि आज योग दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों के साथ नागरिकों ने भी भाग लिया है। जनसामान्य में योग के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## जन चौपाल में आवेदनों का यथाशीघ्र निराकरण करने आयुक्त ने अधिकारियों को सौपा दायित्व

राजनांदगांव ।वार्ड की जनता से रूबरू होने एवं उनकी समस्या का समाधान वार्ड में ही करने नगर निगम द्वारा 1 जून से 17 जून तक 51 वार्डो में जन चौपाल लगाया गया, जिसका अच्छा प्रतिसात मिला, जहॉ वार्डवासी आवेदन लेकर बड़ी संख्या में पहुॅचे।



जन चौपाल में राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, जन्म-मृत्यु, विवाह, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास के प्रकरणों के अलावा साफ-सफाई, विद्युत, पानी की समस्या एवं भवन अनुज्ञा के प्रकरणों आवेदन लिये गये एवं बिजली पानी सफाई संबंधी शिकायतों का निराकरण के अलावा राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, जन्म-मृत्यु संबंधी प्रकरणों का भी निराकरण किया गया। जन चौपाल में आम नागरिकों के द्वारा प्रधानमंत्री आवास, भवन नजूल सहित निर्माण कार्य के अलावा राजस्व के प्रकरणों एवं विभिन्न प्रकार के शिकायत, मांग संबंधी आवेदन भी प्रस्तुत किया गया है, जिसके यथाशीघ्र निराकरण किये जाने निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने उप आयुक्त सुदेश कुमार सिंह को नोडल अधिकारी एवं समाज कल्याण अधिकारी भूपेन्द्र वाडेकर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

उक्त अधिकारी प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा कर उसका निराकरण करेंगे। उन्होंने बताया कि जनता की समस्याओं का वार्ड में ही निराकरण करने जन चौपाल लगाया गया था, जन चौपाल में वार्डवासियों ने पूरा उत्साह दिखाया और अपनी समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किये। कुछ समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया और अन्य समस्याओं का अतिशीघ्र निराकरण करने अधिकारियों को दायित्व सौपा गया है।

# कांग्रेस की रीति-नीति से प्रभावित होकर जिलाध्यक्ष के समक्ष सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस प्रवेश किया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार से भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार कार्य कर रही है। उससे छत्तीसगढ़ की जनता का समुचित विकास और पहचान राज्य स्तर से बढ़कर राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है।



और राज्य के लोगों के लिए रोजगार के नए अवसरों का लगातार सृजन मुख्यमंत्री के द्वारा किया जा रहा है। क्योंकि खुद मुख्यमंत्री जमीनी स्तर के कृषक परिवार से ताल्लुक रखते हैं। जिससे वे जमीनी स्तर के मूलभूत विषयों और समस्याओं को बखूबी समझते व जानते हैं। उन्हीं को ध्यान में रखते हुए रोजगार के लिए नए-नए अवसरों का सृजन कर रहे हैं। उसका लगातार प्रसाद भी मिल रहा है। छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार हर मोर्चे पर छत्तीसगढ़ वासियों के साथ कदम से कदम और कंधे से कंधा मिलाते हुए छत्तीसगढ़ वासियों की समस्याओं का निराकरण कर छत्तीसगढ़ को नित नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। जिससे जनता भी समझ चुकी है कि यही, बस यही कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ही है। जो हम लोगों और छत्तीसगढ़ के निवासियों का उचित ख्याल रख सकती है। देश एक ओर केंद्र में बैठी बीजेपी की सरकार के खिलाफ पूरे भारत में भारी विरोध का दौर चल रहा है क्योंकि केंद्र में बैठी मोदी सरकार लगातार देश की जनता का अपमान कर रही है, और रोजगारों को छीनने का काम कर रही है। उससे देश की जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। वही इसके उलट अभी हालिया दिनों में जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बोरवेल में फंसे मासूम बच्चे राहुल के लिए 24 घंटे खुद की निगरानी में अभी तक के सबसे बड़े 104 घंटे राहुल बचाओं अभियान की कमान संभाली थी और बच्चे को सकुशल बाहर निकाल कर अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया था।

उससे लोगों में माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विश्व स्तर पर प्रशंसा हुई। केंद्र सरकार लगातार हमारे कॉंग्रेस के शीर्ष नेताओं को बेबुनियाद आरोपों के तहत अपने कठपुतली रूपी के माध्यम से घण्टों पूछताछ कर परेशान कर रही है और जनहित के मुद्दों से देश की जनता का ध्यान हटाकर ऊल जुलूल फैसलों से देश में अस्थिरता का वातावरण बना रही है। इन्हीं सब कारणों से कांग्रेस पार्टी के प्रति लोगों का रुझान बढ़ते जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भी लोगों का रुझान कांग्रेस पार्टी की तरफ बढ़ा है। इसका ताजा उदाहरण आज देखने को मिला। जहां सैकड़ों लोगों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, रायगढ़ के लोकप्रिय विधायक प्रकाश शक्राजीत नायक के कुशल नेतृत्व और कार्य प्रणालियों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला और रायगढ़ की महापौर जानकी काटजू के समक्ष सभी लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। सभी नवप्रवेशी कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था जताते हुए और कांग्रेस की नीतियों को और अधिक लोगों तक पहुंचाने में सहयोग करने का बीड़ा भी उठाया है। सभी नए कांग्रेस प्रवेश करने वालों को जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला और महापौर जानकी काटजू ने पार्टी में स्वागत करते हुए कांग्रेस पार्टी का गमछा पहनाकर विधिवत कांग्रेस प्रवेश करवाया और सभी लोगों को उनके इस निर्णय पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं भी दी। उक्ताश्य की प्रेस विज्ञप्ति शैलेश मनहर, प्रवक्ता, जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ शहर द्वारा जारी की गई।

## एक नजर

### भण्डारण लायसेंस धारियों से ले सकते हैं रेत-उप संचालक खनिज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

उप संचालक खनि रायगढ़ ने बताया कि एनजीटी के गाईड लाइन अनुसार 10 जून 2022 से 15 अक्टूबर 2022 तक रायगढ़ जिला अंतर्गत रेत खदानों से खनिज निकासी/परिवहन बंद है। उक्त अवधि में खनिज रेत जिले में स्वीकृत खनिज रेत भण्डारण अनुज्ञप्तिधारी से प्राप्त की जा सकती है। जिनमें अनुज्ञप्तिधारी मेसर्स बर्बरिक प्रोजेक्ट लिमि. सौरभ अग्रवाल ग्राम-टिमरलगा तहसील सारंगढ़, मेसर्स जानकी ग्रामोद्योग प्रो. कैलाश नायक ग्राम-अमोदा तहसील बरमकेला, राहुल अग्रवाल ग्राम-पामगढ़ तहसील खरसिया, आर्यन अग्रवाल ग्राम-पुसल्दा तहसील धरमजयगढ़ एवं केदारनाथ चौधरी ग्राम-गढ़उमरिया तहसील पुसौर शामिल है।

### ऑनलाईन देयक के बजट शीर्ष में किसी भी प्रकार के संशोधन किए जाने का ऑप्शन 1 जुलाई से होगा बंद

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

संचालनालय कोष लेखा एवं पेंशन छत्तीसगढ़ नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश के तहत कोषालय अधिकारी स्तर पर आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा प्रेषित देयकों के बजट शीर्ष में किसी भी प्रकार के परिवर्तन न किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त संदर्भ में सॉयबर ट्रेजरी सॉफ्टवेयर के बिल डिटेल एन्ट्री ऑप्शन में डीडीओ द्वारा प्रस्तुत किये गये किसी भी ऑनलाईन देयक के बजट शीर्ष में किसी भी प्रकार के संशोधन किये जाने का ऑप्शन 01 जुलाई 2022 से बंद किया जा रहा है। प्राप्त ऑनलाईन देयकों में किसी भी प्रकार की त्रुटि/विसंगति पाये जाने पर संबंधित डीडीओ को देयक में आपत्ति लगाकर वापस किया जाना एवं डीडीओ स्तर पर ही देयक में किसी भी प्रकार की त्रुटि का सुधार किया जाना सुनिश्चित करें। इस संशोधन के संबंध में समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को तत्काल निर्देशित किया जाए।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए 7 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कोकड़ीतराई वार्ड क्रमांक 11 नगर पंचायत-किरोड़ीमलनगर, आंगनबाड़ी केन्द्र-खड़ियापारा लोईंग-4 ग्राम पंचायत लोईंग व आंगनबाड़ी केन्द्र-कोतरा-3 ग्राम पंचायत कोतरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी केन्द्र-नटवरपुर ग्राम पंचायत झारगुड़ा, आंगनबाड़ी केन्द्र-रानीगुड़ा ग्राम पंचायत पंझर, आंगनबाड़ी केन्द्र-ट्रांसपोर्टनगर वार्ड क्रमांक 1 नगर पंचायत-किरोड़ीमलनगर, आंगनबाड़ी केन्द्र भुईयापाली ग्राम पंचायत-बेहरापाली में आंगनबाड़ी सहायिका के पद रिक्त होने से उक्त पदपूर्ति के लिए 23 जून से 7 जुलाई 2022 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत निर्देश व नियम शर्तो की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### एकलव्य आवासीय विद्यालयों में रिक्त सीटों के लिए 29 जून तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ जिला अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार, खरसिया हेतु कक्षा 7 वीं में 2 सीट, 8 वीं में 2 सीट, 9 वीं 3 सीट तथा 11 वीं में 3 सीट एवं संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बायसी धरमजयगढ़ हेतु कक्षा 7 वीं-1 (बालक) तथा 9 वीं-2 (बालक)इस प्रकार कुल 13 रिक्त सीटों हेतु 29 जून 2022 तक आवेदन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, रायगढ़ में पूर्व वर्ष की अंकसूची, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र तथा आधार की छायाप्रति के साथ जमा कर सकते है।

### सूचना का अधिकार अधिनियम पर कार्यशाला 24 जून को रायगढ़ में

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जनसूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय अधिकारियों हेतु 24 जून 2022 को रायगढ़ में दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभा कक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग रायपुर से राज्य सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल, मनोज त्रिवेदी और धनवेन्द्र जायसवाल के अलावा संयुक्त संचालक धनंजय राठौर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की विस्तृत जानकारी देंगे। राज्य सूचना आयुक्तगण जनसूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय अधिकारी की सूचना का अधिकार अधिनियम से संबंधित समस्याओं का समाधान करेंगे और जनसूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय अधिकारियों के प्रश्नों का जवाब देंगे।

## अमृतसर सरोवर मिशन के अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से हो रहा नए तालाबों का निर्माण

**कवर्धा** । अमृत सरोवर मिशन के अंतर्गत कबीरधाम जिले के ग्रामीण अंचलों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के द्वारा अमृत सरोवर (तालाबों) का निर्माण किया जा रहा है। अमृत सरोवर मिशन अंतर्गत राज्य के प्रत्येक जिलों में 75 अमृत सरोवर (तालाबों) का निर्माण होना है। इसी क्रम में कबीरधाम जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में जिला प्रशासन द्वारा अमृत सरोवर निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 75 अमृत सरोवर का निर्माण किया जाना है तथा प्रत्येक सरोवर में कम से कम 2 एकड़ का तालाब क्षेत्र होगा जिसमें बंट निर्माण किया जाएगा तथा भविष्य में वृक्षारोपण करने का भी लक्ष्य रखा गया है। तालाब में लगभग 10000 घन मीटर के जलभराव की क्षमता होगी। तालाब निर्माण के लिए ऐसे स्थानो का चयन किया गया है जिसके आसपास 10 एकड़ क्षेत्र से पानी एनकैचमेंट होगा। इन तालाबों के निर्माण करने का मुख्य उद्देश्य जल संकट से जूझ रहे क्षेत्रों को राहत पहुंचाना है।

अमृत सरोवर मिशन (तालाब निर्माण) के साथ खुलते रोजगार के नए अवसर: सीईओ श्री संदीप अग्रवाल अमृत सरोवर मिशन के संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि 75 स्थलो पर अमृत सरोवर के तहत तालाबों का निर्माण किया जाना है। योजना के अंतर्गत नवीन तालाब निर्माण किया जा सकता है अथवा मौजूदा संरचनाओं का कायाकल्प कर जीर्णोद्धार कर सकते हैं। कबीरधाम जिले में अभी तक 34 कार्यों की स्वीकृति दी जा चुकी है जिसमें से जनपद पंचायत पंडरिया क्षेत्र अंतर्गत 18, जनपद पंचायत कवर्धा के क्षेत्र अंतर्गत 5, जनपद पंचायत बोड़ला के क्षेत्र अंतर्गत 6 एवं जनपद पंचायत लोहारा के अंतर्गत 5 ग्राम पंचायतों में कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

## शहरी गोठानों में बढ़ाए वर्मी कन्वर्जन रेशियो-कलेक्टर

कलेक्टर सिंह ने ली जिला पंचायत एवं वन विभाग की संयुक्त बैठक





जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शहरी गोठानों में प्राथमिकता के साथ वर्मी कन्वर्जन रेशियों बढ़ाया जाए। इसके साथ यह भी सुनिश्चित करें कि किसी भी गोठान में कन्वर्जन रेशियो 30 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए। साथ ही कम खरीदी वाले गोठानों में खरीदी बढ़ाने के लिए पशुपालकों को प्रोत्साहित करें। जिससे कन्वर्जन रेशियो में सुधार आए। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने जिला पंचायत एवं वन विभाग की संयुक्त बैठक में कही। कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिन गोठानों में कन्वर्जन रेशियो कम है एवं पिट में वर्मी तैयार हो चुके है। उसे निकाल कर तुरंत एंट्री करें। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट की बनाने की मात्रा बढ़ाने एवं तैयार कम्पोस्ट को समितियों में भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने उपसंचालक कृषि को गोठानों का नियमित निरीक्षण कर कम्पोस्ट निर्माण की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर सिंह ने वन गोठानों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि सभी प्रस्तावित वन गोठानों में गोधन न्याय योजना प्रारंभ सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर सिंह ने डीएफओ रायगढ़ व धरमजयगढ़ से वन गोठानों की जानकारी लेते हुए कहा कि ऐसे वन गोठानों के लिए चिन्हांकित ऐसे स्थानों की लिस्टिंग करें जो गांव से दूर है। उसके स्थान पर इन गांवों में कम दूरी स्थानों में गोठानों के लिए स्थान चयन की जाए। कलेक्टर सिंह ने डीएफओ रायगढ़ व धरमजयगढ़ से नए प्रस्तावित गोठानों की निर्माण में प्रगति की जानकारी ली। धरमजयगढ़ डीएफओ ने बताया कि एक दर्जन से अधिक गोठानों के कार्य पूर्ण हो चुके है। इसके अलावा अन्य गोठानों का कार्य प्रगतिरत है। इसी प्रकार डीएफओ रायगढ़ ने बताया कि गोठानों का कार्य किया जा रहा है तथा टेंडर का कार्य जारी है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि गोठानों में वर्मी पिट की पर्याप्त मात्रा एवं आवश्यक शेड उपलब्ध सुनिश्चित किया जाए। जिन गोठानों में वर्मी पिट अथवा शेड की आवश्यकता है उसका प्राक्कलन बनाकर भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुखरापारा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुखरापारा पत्थलगांव में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रातः योगासन एवं प्राणायाम के बारे में जानकारी के साथ योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। योग दिवस के अवसर पर संस्था के प्राचार्य अनिल कुमार भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि योगासन से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। योगासन हमें न सिर्फ योग दिवस को करना चाहिए। अपितु प्रतिदिन करना चाहिए।योग से ही हम निरोग रह सकते हैं। कार्यक्रम में चनेन्द्र कुमार धुरिया, एनआर भोय, च्यवन साय बाज, शशिदेवी भगत,अंजना पाण्डे, रिंकी कुमारी जायसवाल, आयूषी शर्मा, उषा भारती,अशोक भारद्वाज,अजरुद्दीन अंसारी,राजेश भगत,अमर ताज मिंज,कृष्णा भगत सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। योग दिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में चार दल बनाया गया था जिसमें उदयगिरि दल प्रथम,अरावली दल द्वितीय और शिवालिक दल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में शिवांशु भगत प्रथम, सौरभ टोप्पो द्वितीय व प्रतीक मिंज तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में सतीश प्रधान प्रथम, अभिषेक बरला द्वितीय स्थान पर रहे। निबन्ध प्रतियोगिता में अभिषेक कुमार प्रथम, लिवेश द्वितीय और रुकसिंह सिदार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 को

**कवर्धा** । अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 जून को जनसमुदाय की सहभागिता से नशापान के विरूद्ध व्यापक जनमत तैयार करने के लिए जिले में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा ने विभिन्न विभागों को संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। कार्यालय कलेक्टर समाज कल्याण विभाग द्वारा इस संबंध में ज्ञापन भी जारी किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत स्तरों पर गठित भारत माता वाहिनी समिति के माध्यम से नशामुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन, रेडियो एवं दूरदर्शन से नशा मुक्ति कार्यक्रमों का प्रसारण, सभी विभागों के समन्वय से नशापान के विरूद्ध समुचित कार्रवाई, यथा संभव नशा पीड़ितों से प्रत्यक्ष संवाद कर उन्हें नशा मुक्ति के दुष्परिणामों की जानकारी देना, नशा मुक्ति साहित्यों का वितरण, सोशल मीडिया में प्रेरक स्लोगन, चित्रों आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार, नशा तथा एड्स प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार और विद्यार्थियों में नशापान के विरूद्ध जागरूकता लाने के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थियों में नशापान के विरूद्ध जागरूकता लाना। इसके लिए विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और विद्यालयों में नशापान न करने के लिए प्रेरक उद्बोधन का आयोजन करने के निर्देश दिए। कार्यक्रमों का आयोजन नोवल कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देश का पालन करते हुए जन सामान्य की सहभागिता एवं विभिन्न विभागों के सहयोग से नशा निवारण दिवस का आयोजन पश्चात प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## नगरीय निकायों की बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा प्रतिमाह कलेक्ट करें यूजर चार्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर सिंह ने यूजर चार्ज कलेक्शन के बारे में जानकारी ली और नगर निगम आयुक्त से कहा कि यूजर चार्ज प्रतिमाह कलेक्ट करें। साथ ही लोगों को प्रेरित करें कि अपना घरेलू कचरा स्वच्छता दीदियों को ही दें ताकि उसका सही निपटान हो सके। इस बात का भी विशेष ध्यान रखें कि जनसामान्य द्वारा कचरा कही इधर-उधर तो नहीं फेंक रहे है। अगर ऐसा करते पाये जाने पर संबंधित व्यक्तियों पर कार्यवाही करते हुए फाईन लगाए। कलेक्टर श्री सिंह ने निगम क्षेत्रों में पूर्व के निर्माण के आबंटन कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिंह ने धन्वतरी मेडिकल स्टोर्स के संचालन व दवाओं की ब्रिकी के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर सिंह ने कहा कि शासन की इस योजना के माध्यम से सस्ती दवा का लाभ सभी को मिलना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए सभी डॉक्टरों को निर्देशित करें कि जेनेरिक दवाई ही लिखे। जिससे लोगों को सस्ती दवाईयों का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री शहरी स्लम योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिन क्लस्टर में एमएमयू के लाभान्वितों की संख्या कम है। उन स्थानों में लाभान्वितों की संख्या बढ़ाने के प्रयास किए जाए।

कलेक्टर सिंह ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि एक स्थान में कम से कम तीन दिन एमएमयू सेवा प्रदान करें। कलेक्टर सिंह ने जनपदों से आए मांग पर भी चर्चा की। लैलूंगा में नवनिर्मित बस स्टैण्ड में स्थित विद्युत पोल एवं तालाब सौन्दर्यीकरण अन्तर्गत बोट की मांग पर मांग पत्र एवं विद्युत पोल को हटवाने के निर्देश विभाग को देने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने बरमकेला सीईओ जनपद को निर्देशित किया कि शीघ्र बिजली बिल का समायोजन किया करें। इसी प्रकार धरमजयगढ़ के जेलपारा की सौन्दर्यीकरण की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने नए सामुदायिक भवन एवं दुकान से संबंधित मांगों के लिए शीघ्र मांग पत्र बनाकर भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, ईई नित्यानंद उपाध्याय, उपायुक्त सुतीक्षण यादव सहित नगरीय निकाय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पालड़ीह में फांसी से लटककर आत्म संतुष्टि करने का सिलसिला लगातार जारी

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



पालीडीह में फ ांसी में लटककर आत्म संतुष्टि करने के क्रम में लगातार मामला निकालकर सामने आ रहे है। जिसमें अधिकतर मामले पहले के जवान लड़के लड़किया के थे लेकिन इस बार पुनः मामला मानसिक रूप से बीमार एक महिला ने साड़ी की मदद से पेड़ में फ ांसी लागकर इहलीला समाप्त कर ली।

घटना मंगलवार की शाम करीब 4 बजे की बताई जा रही है। बुधवार को परिजनों ने इसकी सूचना पत्थलगांव पुलिस को दी। पत्थलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पालीडीह के पाकेरपारा निवासी जनक राम सिदार के पत्नी सावित्री बाई उम्र 44 वर्ष, मंगलवार की शाम अज्ञात कारणों के चलते घर से महज कुछ दूर स्थित खेत में लगे सागौन के पेड़ में साड़ी की फ फंदा बनाकर झूल गई। घटना के बाद उनके बच्चें ने काफी खोजबीन किया, इसी बीच घर से कुछ दूर स्थित एक पेड़ में फ ांसी के फंदे पर झूल रहा था, परिजनों ने बताया कि बीते दो सालों से सावित्री मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी, इस बीच वें दो बार फ ांसी लगाने की नाकाम कोशिश कर चुकी थी, दो बार लोगों की सक्रियता से उसे बचा लिया गया था, वही तीसरी बार में अपनी इहलीला समाप्त कर ली, घटना से परिजनों में मातम पसरा हुआ है। घटना कि सूचना पत्थलगांव पुलिस को दी गई है। बता दें कि पालीडीह में आत्महत्या का सिलसिला लगातार बढ़ते जा रहा है।

# कुनकुरी एवं दुलदुला क्षेत्र के ग्रामीण हाथियों के आतंक से परेशान

जोहार छत्तीसगढ़-कुनकुरी।

जशपुर जिले के कुनकुरी और दुलदुला क्षेत्र इन दिनों हाथी से परेशान हो चुका है क्षेत्र में कई दल विचरण कर रहे हैं कुनकुरी क्षेत्र के कई ग्राम हाथी से त्रस्त हो चुके हैं जिनमें कुडुकेला, दाराखिरखा, अम्बाचुआं राझाडांड़, सिरिटोली खारीझरिया, कुंजारा, आम्बाटोली, कंडोरा, बेलघुटरी महुआटोली ढोंगाआम्बा, लोटापानी हैं तो दुलदुला क्षेत्र के केन्दापानी, बकुना, मयुरचुन्दी, चटकपुर, पोटकोसेमर है।





इन क्षेत्रों में हाथियों का तांडव

गाहे बगाहे देखने को मिलता है क्षेत्र में महुआ शराब के लहान के अलावा धान, कटहल, जैसे पदार्थ पाए जाते हैं जो हाथियों के भोजन श्रृंखला में आते हैं तेज गन्ध होने की वजह से हाथियों को कटहल और लहान अपनी ओर आकर्षित करते हैं। हाथी की कल्पना मात्र से ग्रामीणों के हलक सुख जाते हैं हाथियों के हमले से कुनकुरी क्षेत्र में इस वर्ष 2 तो वहीं दुलदुला क्षेत्र में 1 व्यक्ति की जान जा चुकी है जबकि हाथी के बारे में कहा जाता है कि यह जीव बेहद शांत स्वभाव के होते हैं। हाथी एक बड़ा विशालकाय प्राणी जो अक्सर भोजन की तलाश में एक स्थान से दूसरे स्थान तक विचरण करते पाए जाते हैं जो दिनभर आराम करते हैं और रात को भोजन की तलाश में निकलते हैं स्वभाव से शांत यह प्राणी इतना उद्वेलित क्यों हो गया है जशपुर में इसे जानने की आवश्यकता है हाथी अथवा अन्य सभी वन्य जीव इंसानों से दूरी बनाकर रहते हैं कोई इंसानों से नही भिड़ना चाहता मगर इंसान की चाहतें दिनों दिन बढ़ती जा रही है उसे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने जंगलों का दुश्मन बन चुकी है एकड़ों जमीन होने के बाद वन भूमि पर अवैध कब्जा की नीयत और सोच ने वन्य जीवों और इंसानों को आमने सामने खड़ा कर दिया है स्थिति दिनों दिन विकराल होती जा रही है वन्य जीव इंसानों द्वारा अपने प्राकृतिक आवास से खदेड़े जाने से क्षुब्ध हैं ऊपर से वनकन के कटने से उनके सामने भोजन की विकराल समस्या उतपन हो रही है ऐसे में वन्य जीव भोजन की तलाश में इंसानी बस्तियों की ओर कुच करने लगे हैं। सरकार आती है योजनाएं लाती है अपने वोट बैंक बढ़ाने लोगों को प्रलोभन देती है उन प्रलोभनों का ही दिया है कि आज इंसान लालच के वशीभूत आज स्वंय के लिए मौत खरीद रहा है आने वाले दिनों की कल्पना सहज ही कि जा सकती है कि इंसानी बस्तियां कैसे वन्य जीवों के निशाने पर होंगी कैसे कभी इंसानों द्वारा खदेड़े गए वन्य जीव इंसानों को उनके आवास से खदेड़ेगे प्रकृति के दिये हर मौके को हम इंसानों ने अपने स्वार्थ के लिए इस्तेमाल किया अब जशपुर भी चेन्नई बनने की राह पर तेज़ी से बढ़ चला है भूमिगत जलस्तर घटकर 1000 फीट नीचे जा चुका है वन तेजी से कम हो रहे हैं कभी स्कॉटलैंड और शिमला के समकक्ष रहने वाला जशपुर अब दिल्ली और चेन्नई बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है जिसे रोकना असम्भव प्रतीत होता है।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

एक नजर

## कुनकुरी में बढ़ रहे सड़क दुर्घटना पर नगर के रहवासियों ने किया चिंता व्यक्त

जोहार छत्तीसगढ़-कुनकुरी।

कुनकुरी में बढ़ रहे सड़क दुर्घटना पर नगर के रहवासियों ने चिंता व्यक्त किया है। एनएच 43 में सलियाटोली से महुआटोली के बीच हो रही दुर्घटनाओं के मद्देनजर उक्त स्थल पर कई अनुष्ठान हो चुके कई बैगा गुनिया उक्त स्थल पर तंत्र मंत्र के उपाय भी कर चुके बावजूद दुर्घटनाओं पर लगाम नहीं लग रहा है। आये दिन हो रहे दुर्घटनाओं के शिकारों से जब हमारी टीम ने बात की तो उन्होंने जो बताया वो रौंगटे खड़े कर देने वाला था दुर्घटना के शिकार कुनकुरी नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी सौरव बंसल की मृत्यु और उसकी लाश का घण्टों कार में फं से रहना देर रात लश को कार कटिंग कर बाहर निकालना वहां जमा भीड़ को अजीब सी आवाजों का सुनाई देना उक्त स्थल को रहस्यमयी बना रहा है शाम घिरने से पहले लोग उक्त स्थल से निकल जाना चाहते हैं बड़ी बात यह भी की उक्त स्थल पर जितनी भी दुर्घटनाएं हुई है सभी शाम 7 बजे के बाद हुई है और अधिकतर दुर्घटना के शिकार या तो मृत्यु को प्राप्त हुए अथवा उनकी स्थिति गम्भीर हो चुकी है अंग भंग हो चुका है। सलियाटोली महुआटोली मार्ग में सीमेंट कांक्रीट से एनएच निर्माण से पूर्व एक बरगद का पेड़ हुआ करता था जिसके बारे में ग्रामीण बताते हैं क्षेत्र की कई घटनाओं में मरने वालों की आत्माएं उस पेड़ पर अपना आशियाना बना चुकी थी। जो गाहे बगाहे किसी किसी को दिख जाया करती थी उस पेड़ के कट जाने के बाद उन आत्माओं का घर छिन गया है इसलिए उसमें रहने वाली आत्माएं अब आक्रामक होकर दुर्घटनाओं को अंजाम दे रही है। यह तो थी उक्त सड़क की कहानी ग्रामीणों की जुबानी। अब हम आपको बताते हैं दुर्घटनाओं के शिकार हुए और बच गए लोगों की कहानी रानीकोम्बो निवासी दुर्जन राम रोज की तरह जशपुर से अपने घर रानीकोम्बो के लिए हर बार शाम 6 बजे तक रानीकोम्बो पहुंच जाने वाले दुर्जन राम उस दिन शाम 7 बजे जशपुर से निकले निकलने से पहले उनकी पत्नी ने उन्हें जशपुर रुक जाने सलाह दी मगर दुर्जन राम ने कहा 1 घण्टे में पंहुच जाऊंगा तुम परेशान मत हो, मुझे कुछ नहीं होगा जिसके बाद वो जशपुर से निकला महुआटोली पंहुचने मोड़ मुड़ने के बाद उसे कुछ दिखाई नहीं दिया उसे लगा कोई उसकी गाड़ी को खींच रहा है उसने गाड़ी के ब्रेक मारकर रोकना चाहा मगर गाड़ी जाकर सीधे सड़क पर रखे ड्रम से जा टकराई इस बीच उसे किसी के रोने और हंसने की आवाज सुनाई दी फिर उसके होश नहीं रहा होश आने पर उसने खुद को अस्पताल में देखा पत्नी पास बैठी रो रही थी दुर्घटना में दुर्जन राम के कमर की हड्डी टूट गयी अब वो जिंदगी भर चल फिर नहीं सकता।

### ऐसी बहुत सी कहानियां है जिसे हम जानते तक नही

हादसों का सड़क बन चुका है सलियाटोली से महुआटोली तक का सड़क उन आत्माओं की शांति के लिए उपाय किये जाने की आवश्यकता है जो शताधिक सालों से खड़े बरगद में रहकर अपना बसेरा बनाये हुए थे। यहां आपका ये जानना भी आवश्यक है कि आत्मा प्रेत जादू टोना जिसे हम सभ्यता की 21 वीं सदी में मानने से इनकार करते रहे हैं जिनका अस्तित्व है ये उस पुरातन काल से चले आ रहे हैं जिस काल में मानव सभ्यता का जन्म हुआ ऐसे कई गूढ़ रहस्यों को समेटे भारत की इस विशाल धरती में कई प्रमाण आज भी मौजूद हैं जिनपर शोध हो रहा है हम अभी कई और ऐसे स्थानों के बारे में आपको पड़ताल कर बताएंगे जहां शक्तियों का वास है फि र चाहे वो सकारात्मक ऊर्जा वाली शक्ति हो या नकारात्मक ऊर्जा वाली हम वही बता रहे हैं जो घटित हो रहा है जो दुर्घटना के शिकार बता रहे हैं।

## सरकार बनी मितान, महिला समूह के हुनर को मिला सम्मान

**राजनांदगांव** । कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मुरमुंदा और पटपर में संचालित गौठान को देखने पहुंचे। यहां उन्होंने महिला समूह के हुनर को देखकर उन्हें जय जोहार, जय बिहान कह कर उनका अभिवादन किया। मुरमुंदा गौठान से जुड़ी महिला समूह द्वारा अब तक 405 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट खाद का निर्माण कर 1 लाख 42 हजार रूपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया है। यहां महिला समूह ने बताया कि समूह में 10 महिलाएं हैं प्रत्येक महिला को 3 से 4 हजार रूपए प्रतिमाह आमदनी हो रही है। महिला समूह के द्वारा यहां मुर्गी शेड की मांग किए जाने पर मुर्गी शेड निर्माण के लिए स्वीकृति दी गई है। कलेक्टर सिन्हा ने यहां बिहान योजना अंतर्गत बनाए गए बिहान बाजार का अवलोकन किया। यहां समूह की 5 महिलाओं के द्वारा दुकान संचालन किया जा रहा है। महिला समूह के द्वारा यहां लोक सेवा केंद्र, जनरल स्टोर, चाय नाश्ते की दुकान, सिलाई कढ़ाई का कार्य बखूबी ढंग से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने महिला समूह के इस हुनर और हौसले को देखकर उन्हें शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर सिन्हा ने पटपर गौठान के वर्मी कंपोस्ट खाद की गुणवत्ता के लिए समूह की महिलाओं को शुभकामनाएं दी। महिला समूह के द्वारा वहां 2 तालाबों में मछली पालन का कार्य किया जा रहा है।

## हाइवा ने मोटरसाइकिल में सवार पति पत्नी को रौंदा

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

नवागांव मार्ग के श्री राम राईस मिल के सामने एक तेज रफ्तार हाइवा ने मोटरसाइकिल से अपने गांव बिल्लीबंद जा रहे पति पत्नी को अपनी चपेट में ले लिया जिससे पति की मौके पर ही मौत हो गयी तो वही 8 माह की प्रेग्नेंट पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना कोटा थाना पुलिस व डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही कोटा पुलिस व डायल 112 घटना स्थल पर पहुँचकर घायल महिला को इलाज के लिए कोटा थाना के डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा भेज गया जहां घायल महिला की



गंभीर स्थिति को देखते हुए सिम्स बिलासपुर रिफर कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक रवि जायसवाल पिता मोहन लाल 25 वर्ष निवासी बिल्लीबंद व उसके पत्नी मनीसा जायसवाल दोनो अपने मोटरसाइकिल से कोटा से अपने गाँव बिल्लीबंद जा रहे थी कि जब यह लोग श्री राम राईस मिल के पास पहुँचे ही थे कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाइवा ने अपनी चपेट में लेते हुए कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गया जिससे रवि हाइवा के चक्के के नीचे आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी तो वही तो वही मृतक की पत्नी मनीसा गंभीर रूप से घायल हो गयी जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटा भेजा गया जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सिम्स बिलासपुर रिफर कर दिया। कोटा पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कार्यवाही उपरांत शव का पोस्टमार्टम कराया पोस्टमार्टम हो जाने के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौप कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

## अंचल रायगढ़ कुनकुरी का पांच दिवसीय दक्षता वर्ग अंबेटिकरा में

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

पांच दिवसीय दक्षता वर्ग का शुभारंभ किया गया। अंबेटिकरा में अंचल रायगढ़ एवं कुनकुरी का एकल अभियान दक्षता वर्ग लगाया गया है। जिसके शुभारंभ में अतिथियों द्वारा भारत माता एवं माता सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना के बाद सभी लोगों ने मंत्र जाप कर एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ किए। जिसके बाद अतिथियों का परिचय एवं तिलक अक्षत लगाकर स्वागत किया गया। उद्घाटन सत्र के अतिथि धरमजयगढ़ संच के अध्यक्ष भरतलाल साहू ने वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि सभी



पूण्य कार्य करने के लिए इस अंबेटिकरा के पावन धरा पर उपस्थित हुए हैं। एक अभियान को जन जन का अभियान बनाना है। आज समाज में फैल रहे अनेक प्रकार के बुराइयों से लड़कर देश को परम् वैभव की शिखर तक पहुंचाना है। जिसकी शुरुआत भी हो चुकी है। सत्र को अशोक मिश्रा ने भी संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत देश अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। लेकिन आप जैसे सेवा व्रतियों के कार्यों से हर चुनौतियों का सामना आसानी से किया जा सकता है। बता दें कि यह दक्षता वर्ग 22 जून से 26 जून 2022 तक होगी। जिसका लक्ष्य शिक्षित भारतए स्वस्थ भारत एवं समृद्ध भारत बनाना है। यदि बच्चे विद्यालय नहीं पहुंचते हैं तो विद्यालय को बच्चों तक पहुंचाना है।

## स्वामी आत्मानन्द स्कूल धरमजयगढ़ का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

कलेक्टर भीमसिंह अनेक योजनाओं का निरीक्षण करने धरमजयगढ़ पहुंचे। जहां कलेक्टर ने स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम धरमजयगढ़ का घूम घूम कर निरीक्षण किया। कलेक्टर के पहुंचते ही स्कूली छात्राओं ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। जिसके बाद




कलेक्टर ने पुस्तकालय का निरीक्षण किया जहां कुछ और जरूरी पुस्तक व न्यूजपेपर

### किचन शेड, सायकल स्टैंड बनाने के दिए निर्देश

उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिसके बाद कलेक्टर ने क्लासरूम में खिड़की दरवाजों को देखा।

जहां से जीवविज्ञान प्रयोगशाला में छात्रों से अनेक विषयों पर चर्चा की। रसायन विज्ञान के प्रयोगशाला में भी छात्रों से मिलकर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर भीमसिंह ने स्कूल परिसर में बने शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था निरीक्षण किया। जिसके बाद सिंह ने स्कूल के शिक्षकों की क्लास ली। स्कूल परिसर में ही भरतलाल साहू ने कलेक्टर को आवेदन देकर स्कूल लगने एवं छुट्टी के समय सामने के सड़क पर भारी वाहनों के आवाजाही पर प्रतिबंध, छोटे वाहनों की गति कम करने के लिए गेट के अगल बगल सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने, गेट के सामने बने नाली में स्लैब डालने एवं स्कूल परिसर में साइकिल स्टैंड बनाने की मांग की है।

## बीज और खाद के संकट से जूझ रहे किसान, कालाबाजारियों पर कार्यवाही की उठी मांग

किसान नेता योगेश तिवारी को खाद और बीज को लेकर किसानों की लगातार मिल रही शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

राज्य में मानसून सक्रिय हो गया है। कृषि कार्य के लिए किसान बीज और खाद के संकट से जूझ रहे हैं। रासायनिक खाद को लेकर सबसे ज्यादा दिक्कत है। इस संबंध में किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि खाद और बीज को लेकर किसानों की लगातार शिकायत मिल रही है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद और बीज नहीं मिलने से किसानों में नाराजगी है। इसका फ ायदा कारोबारी उठा रहे हैं। जिला प्रशासन की नाक के नीचे खाद की जमकर कालाबाजारी हो रही है। किसान 2 से 3 गुना कीमत पर खाद खरीदने पर मजबूर है । किसानों को 266 रुपए यूरिया बोरी 450 से 500 में खरीदनी पड़ रही है। मानसून करीब एक सप्ताह लेट से आया और प्री-मानसून की बारिश भी पर्याप्त नहीं हुई। अमूमनन जून के प्रथम सप्ताह में किसान जोताई कर लेते हैं। इस बार बुवाई ने 20 जून के बाद जोर पकड़ा है। किसानी कार्य यहां करीब 15 दिन पिछड़ गया। अब खाद और बीज के किल्लत ने सरकारी व्यवस्था की पोल



खोल कर रख दी है।

### खाद की किल्लत का सामना कर रहे किसान

किसानों ने बताया कि चोंगीखपरी सोसायटी अंर्तगत 7 गांव आते हैं। जिसमे डंगनिया, खपरी, नारधी, बचेड़ी, कुम्हिगुड़ा, साल्हेपुर यहां किसान को खाद को कम मात्रा में मिला है। मोहभट्ठा सोसायटी अंतर्गत ग्राम परपोड़ा, मनियारी, खिसोरा, बोतका, कोदवा, बुडेरा समेत 10 गांव आते है। यहां डीएपी का समस्या है। ग्राम बांसा, बाहेरा, सुरहोली, बोरिया, खुडमुड़ा, भरत साहू, भिम्भौरी, गाड़ामोड़,खुडमुड़ी, गबदा डंगनिया समेत अन्य गांवो के किसान खाद की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

### ठोस कार्रवाई के अभाव में कालाबाजारियों के हौसले बुलंद

सरकार इस समस्या का स्थाई समाधान निकालने में नाकाम रही है। राज्य सरकार की ओर से किसान हितैषी होने बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। लेकिन धरातल पर परिस्थितियां इसके विपरीत हैं। किसानों को खाद और बीज की कालाबाजारी का सामना करना पड़ता है। बाजार में व्यापारियों से महंगे दाम पर खाद और बीज खरीदना पड़ता है। ठोस कार्रवाई के अभाव में काला बाजार ये के हौसले बुलंद हैं। अन्नदाता लूटे जा रहे हैं।

### नैनो यूरिया लेने के लिए बाध्य करते व्यापारी

बेमेतरा जिला मुख्यालय निवासी किसान ओमकर वर्मा ने बताया कि बाजार में एक बोरी यूरिया की कीमत 300 रुपए है। जब यूरिया का सरकारी मूल्य 266 रुपए है। व्यापारी 2 बोरी से कम यूरिया देने को तैयार नहीं, वही दो बोरी यूरिया लेने पर नैनो यूरिया लेने के लिए बाध्य करता है।

## आकाशीय बिजली गिरने की दो अलग-अलग घटनाओं में एक कि मौत एक घायल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

बरसात के शुरू होने के साथ साथ आकाशीय बिजली का कहर भी शुरू हो जाता है। 22 जून को दोपहर धरमजयगढ़ क्षेत्र में आकाशीय बिजली मौत बनकर गिरी। दो अलग अलग जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गईए वहीं एक अधेड़ उम्र का व्यक्ति घायल हो गया। पहली घटना शाहपुर कालोनी का है जहां ग्राम उदउदा निवासी निर्भय बैगा उम्र 20 वर्ष मजदूरी का काम करने आया था। दोपहर भोजन करके दो दर्जन से ज्यादा मजदूर एक साथ मक्का बीज लगा रहे थे। तभी आकाशीय बिजली गिरने से निर्भय बैगा की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं साथ में काम कर रहे अन्य लोगों को भी हल्की झनक लगी थी।



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिजली इतनी तेज गिरी की युवक के शरीर से धुंआ निकलने लगा था। घटना की जानकारी थाने में दी गई। जिसके बाद मर्ग कायम कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ भेज दिए। जहां पोस्टमार्टम के बाद लाश को परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं दूसरी घटना में ओंगना निवासी हरिराम राठिया उम्र 54 वर्ष भी आकाशीय बिजली की चपेट आने से गम्भीर हो गया है। बताया जा रहा है कि ग्राम पटेल एवं टीएसएस धरमजयगढ़ अध्यक्ष हरिराम राठिया अपने परिवार समेत खेत गए हुए थे। जहां पानी गिरने एवं बिजली चमकने पर सभी वहीं पर बने घर में चले गए। तेज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से हरिराम राठिया बेहोश होकर गिर पड़े। जिसके बाद परिजनों ने 112 के मदद से उन्हें धरमजयगढ़ हॉस्पिटल पहुंचाया जहां उपचार जारी है।..




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in